Tni आवाज़

# राजस्थान की राजनीति

E-mail: tniawaz.news@gmail.com
आपकी आवाज के साथ....
RAJHIN/2012/43137

HP NEWS हिन्दुस्तान की आवाज
हिन्दुस्तान पत्रिका
HINDUSTAN KI AWAZ

जयपुर, दौसा, करौली, अलवर, टोंक, अजमेर, भरतपुर, धौलपुर, बीकानेर, कोटा, सवाईमाधोपुर से प्रसारित

www.hpnews.in/www.tniawaaz.in | जयपुर, गुरुवार 08 मई, 2025 | » वर्षः 2 | » अंकः 188 | » पृष्ठः 8 | » मूल्यः 2.00 रू.

पाकिस्तान के गुजरांवाला पर आज फिर ड्रोन अटैक का दावा

## पाक अधिकारी ने कहा- एक दिन पहले 125 फाइटर जेट्स की जंग हुई

राजस्थान की राजनीति

**नई दिल्ली।** भारत- पाक में जारी तनाव के बीच पाक मीडिया ने गुरुवार को दावा किया है कि भारत ने आज फिर से पाकिस्तान में ड्रोन अटैक किया है। जियो न्यूज का दावा है कि यह ड्रोन पाकिस्तान में पंजाब प्रांत के गुजरांवाला के डिंगा इलाके में खेतों में गिरा है। इसका मलबा इकट्ठा किया जा रहा है।

एक पाकिस्तानी अधिकारी ने CNN से बात करते हुए दावा किया कि 7 मई की रात भारत-पाकिस्तान के फाइटर जेट्स की लड़ाई हालिया इतिहास में सबसे बड़ी लड़ाई थी।

इस दौरान दोनों देशों के 125 फाइटर जेट्स के बीच एक घंटे तक जंग हुई। जंग के वक्त दोनों देशों में से किसी का भी फाइटर जेट अपनी सीमा से बाहर नहीं गया।

### भारत ने 9 आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया

भारत ने 7 मई की रात 1:05 बजे पाकिस्तान और POK, यानी पाक अधिकृत कश्मीर के भीतर एयर स्ट्राइक की। इस हमले में 9 आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया, जिसमें 100 से ज्यादा आतंकी मारे गए। भारत ने पूरी कार्रवाई को 'ऑपरेशन सिंदूर' नाम दिया।

आतंकियों पर भारतीय एक्शन के बाद पाकिस्तानी नेताओं ने धमकी देते हुए खोखली बयानबाजी की। पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने कहा कि वो भारत से इस स्ट्राइक का बदला लेंगे। जगह और समय चुनकर हमला करेंगे।

वहीं, रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने कल कहा कि अगर भारत इस मामले को और आगे बढ़ाता है और न्यूक्लियर वॉर की नौबत आती है, तो इसकी जिम्मेदारी भारत पर होगी।

### भारत सरकार ने एयर स्ट्राइक के 9:30 घंटे बाद जानकारी दी

भारत ने 7 मई को देर रात पाकिस्तान के 9 ठिकानों पर एयर स्ट्राइक की, 100 से ज्यादा आतंकी मारे गए।

पाकिस्तानी क्रूशहबाज शरीफ ने राष्ट्रीय सुरक्षा समिति की बैठक बुलाई। बैठक में पाकिस्तान में भारतीय हमलों के बाद की स्थिति पर चर्चा की गई।

पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में इमरजेंसी घोषित की गई। स्थानीय प्रशासन ने सभी अस्पतालों को अलर्ट पर रखा, सुरक्षा एजेंसियों को हाई अलर्ट पर भेजा।

इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस के डॉयरेक्टर अहमद शरीफ चौधरी ने कहा- भारत ने 6 अलग-अलग इलाकों में कुल 24 मिसाइलें दागीं।

पाकिस्तानी रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने भारत के 5 फाइटर जेट्स गिराने और कुछ भारतीय सैनिक हिरासत में लेने का दावा किया। बाद में पलटे।

भारत के साथ बढ़ते तनाव के बाद, इस्लामाबाद में सभी सरकारी और निजी स्कूल और कॉलेज को एक दिन के लिए बंद किया।

पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने कहा कि पाकिस्तान अपनी हिफाजत कर सकता है, लेकिन भारत रुक जाता है तो हम भी रुक जाएंगे।

गिलगित-बाल्टिस्तान के अस्पतालों में इमरजेंसी लगाई गई। डॉक्टरों और हॉस्पिटल स्टाफ की छुट्टियां रद्द की।

पाकिस्तान ने भारत के 16 यूट्यूब न्यूज चैनल, 31 यूट्यूब वीडियो लिंक और 32 वेबसाइट ब्लॉक किए।

पाकिस्तानी डीजी ISPR ने बताया कि भारतीय सेना के हमलों में 31 नागरिक मारे गए और 57 घायल हुए।



अफगान मूल की पत्रकार ने पाकिस्तान को एक्सपोज किया

पाकिस्तान के सूचना एवं प्रसारण मंत्री अताउल्लाह तरार को लाइव टेलीविजन पर शर्मिंदगी का सामना करना पड़ा। स्काई न्यूज की पत्रकार यल्दा हाकिम ने तरार को याद दिलाया कि कैसे पाकिस्तान का आतंकवादी संगठनों को समर्थन देने का इतिहास रहा है, तो उनकी बोलती बंद हो गई।

**याल्दा हकीमः** भारतीय डिफेंस फोर्स ने कहा है कि उन्होंने केवल आतंकवादी कैंप्स को निशाना बनाया, न कि पाकिस्तानी मिलिट्री ठिकानों को।

**अताउल्लाह तरारः** मैं साफ कर दूं, पाकिस्तान में कोई आतंकवादी कैंप नहीं है। पाकिस्तान आतंकवाद का शिकार है। हम आतंकवाद के खिलाफ फ्रंट लाइन में हैं।

**याल्दा हकीमः** एक हफ्ते पहले ही मेरे प्रोग्राम में आपके रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने स्वीकार किया था कि पाकिस्तान ने दशकों तक आतंकवादी समूहों को पाला पोसा, उनका सपोर्ट किया और उन्हें देश में प्रॉक्सी के तौर पर इस्तेमाल किया।

2018 में राष्ट्रपति ट्रम्प ने पाकिस्तान को सैन्य सहायता रोक दी थी, क्योंकि उन्होंने पाकिस्तान पर डबल गेम खेलने का आरोप लगाया था। तो जब आप कहते हैं कि पाकिस्तान में कोई आतंकवादी कैंप नहीं है, यह जनरल परवेज मुशर्रफ ने जो कहा, बेनजीर भुट्टो ने जो कहा, और आपके रक्षा मंत्री ने पिछले हफ्ते जो कहा, उसके खिलाफ जाता है।

**अताउल्लाह तरारः** (जवाब देने में कठिनाई के बाद) पाकिस्तान विश्व शांति का गारंटर है। (हकीम को पाकिस्तान आने का न्योता देते हुए)

**याल्दा हकीमः** मैं पाकिस्तान जा चुकी हूं। और हम जानते हैं कि ओसामा बिन लादेन पाकिस्तान के एबटाबाद में पाया गया था।

**अताउल्लाह तरारः** भारत को 'उकसाने वाला और आक्रामक' बताते हुए, तरार ने कहा कि पाकिस्तान अपने इलाके की रक्षा करेगा।

### आतंकी मौलाना मसूद अजहर के परिवार के 10 लोग मारे गए

भारत के एक्शन पर कांधार विमान हाईजैक के मास्टरमाइंड और आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के प्रमुख मौलाना मसूद अजहर ने कहा है कि बहावलपुर में हुए भारतीय हमले में उसके परिवार के 10 सदस्य और 4 सहयोगी मारे गए हैं।

बीबीसी उर्दू की रिपोर्ट के मुताबिक मसूद अजहर ने बयान जारी कर कहा कि मैं भी मर जाता तो खुशनसीब होता। मरने वालों में उसकी बड़ी बहन और उसका पति, मसूद अजहर का भतीजा और उसकी पत्नी, मसूद की एक भतीजी और उसके पांच बच्चे शामिल हैं।

बयान में यह भी कहा गया है कि आतंकी मसूद के तीन करीबी सहयोगी भी मारे गए हैं। इनके अलावा एक सहयोगी की मां की मौत भी हुई है।

ऑपरेशन सिंदूर- जम्मू-कश्मीर में पाकिस्तान से फिर फायरिंग

# आर्मी ने जवाब दिया; कल भारत ने पाकिस्तान पर एयर स्ट्राइक की, 100 आतंकी मारे

राजस्थान की राजनीति

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान ने लगातार दूसरी रात जम्मू-कश्मीर के चार इलाकों में गोलाबारी की। इसमें कुपवाड़ा, बारामूला, उरी और अखनूर शामिल हैं।

भारतीय सेना ने भी जवाबी कार्रवाई की। हालांकि, अभी तक किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।

इससे पहले भारत ने मंगलवार आधी रात 1:05 बजे पाकिस्तान और PoK में एयर स्ट्राइक की। इसमें 9 आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया गया, जिसमें 100 से ज्यादा आतंकी मारे गए।

हमले में आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद चीफ मौलाना मसूद अजहर की फैमिली के 10 सदस्य और 4 सहयोगी मारे गए। भारत ने 24 मिसाइलें दागी हैं।

भारत ने जवाबी कार्रवाई पहलगाम हमले के 15 दिन बाद की और इसका नाम 'ऑपरेशन सिंदूर' रखा। ये नाम उन महिलाओं को समर्पित है, जिनके पतियों की पहलगाम में 22 अप्रैल को आतंकियों ने हत्या कर दी थी। पीएम मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर के लिए तीनों सेनाओं की तारीफ की। ऑपरेशन सिंदूर पर कहा कि ये नया भारत है। पूरा देश हमारी ओर देख रहा था। ये तो होना ही था। जम्मू-कश्मीर के पुंछ में LoC पर पाकिस्तान की ओर से की गई फायरिंग में 15 लोगों की मौत हो गई। वहीं, प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने पाकिस्तान की संसद में कहा कि भारत ने कायराना हमला किया, हम इसका बदला लेंगे।



### मुरीदके में लश्कर का ठिकाना तबाह, तस्वीरें जारी

पाकिस्तान के मुरीदके में भारत के मिसाइल हमलों के बाद आतंकी अड्डों के तबाह होने की लगातार तस्वीरें आ रही हैं। भारत ने लश्कर-ए-तैयबा का अहम ठिकाना तबाह कर दिया।

### जोधपुर में सभी स्कूल अगले आदेश तक बंद

राजस्थान के जोधपुर में सभी सरकारी-प्राइवेट स्कूलों में अगले आदेश तक छुट्टी घोषित कर दी गई है। जिलाधिकारी गौरव अग्रवाल ने यह आदेश जारी किया है।

### पाक मीडिया का दावा- भारत ने गुजरांवाला पर ड्रोन अटैक किया

भारत की तरफ से जारी तनाव के बीच पाकिस्तानी मीडिया ने गुरुवार को दावा किया है कि भारत ने आज फिर से पाकिस्तान में ड्रोन अटैक किया है। जियो न्यूज का दावा है कि यह ड्रोन पाकिस्तान में पंजाब प्रांत के गुजरांवाला के डिंगा इलाके में खेतों में गिरा है। इसका मलबा इकट्ठा किया जा रहा है।

### कुपवाड़ा में पाकिस्तान की तरफ से फिर फायरिंग

ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान ने दूसरी रात भी जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा के करनाह इलाके में सीमा पार से गोलाबारी की। हालांकि, अभी तक किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।

### 1971 युद्ध के बाद पहली बार तीनों सेनाओं ने जॉइंट ऑपरेशन चलाया

भारत की थलसेना, वायुसेना और नौसेना ने मिलकर 'ऑपरेशन सिंदूर' चलाया। पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों पर 24 मिसाइलें दागीं। 1971 युद्ध के बाद यह पहली बार है, जब तीनों सेनाओं ने एक साथ पाकिस्तान के खिलाफ बड़ी सैन्य कार्रवाई की है। पीएम मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर के लिए तीनों सेनाओं की तारीफ करते हुए कहा- पूरा देश हमारी ओर देख रहा था। ये तो होना ही था।

पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों पर एयर स्ट्राइक के करीब 9 घंटे बाद सरकार, सेना और एयरफोर्स के अफसरों ने घटना की जानकारी दी।

देश के इतिहास में पहली बार प्रेस कॉन्फ्रेंस में आर्मी की कर्नल सोफिया कुरैशी और एयरफोर्स की विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने ऑपरेशन के बारे में बताया। विदेश सचिव विक्रम मिसरी भी मौजूद थे।

### अमेरिका बोला- दोनों देश अब रुकें, वे जैसा को तैसा वाली कार्रवाई कर चुके

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि यह (भारत का एक्शन) बहुत भयावह है। मेरे दोनों देशों के साथ रिश्ते हैं। मैं दोनों को अच्छे से जानता हूं। मैं चाहता हूं कि दोनों देश रुकें। उम्मीद है कि वे रुकेंगे। दोनों देश जैसे को तैसा वाली कार्रवाई कर चुके हैं। अगर मैं कोई भी मदद कर सकता हूं तो मैं हमेशा मौजूद रहूंगा।

## बौखलाए पाकिस्तान की एलओसी पर गोलाबारी, 12 भारतीयों की मौत

### 42 लोग घायल, जम्मू में शैक्षणिक संस्थान बंद

राजस्थान की राजनीति

**नई दिल्ली।** भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव एक बार फिर चरम पर है। हाल ही में भारत द्वारा ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान में स्थित 9 आतंकी ठिकानों को ध्वस्त करने के बाद पड़ोसी मुल्क बौखला गया है। इस कार्रवाई के बाद पाकिस्तान ने नियंत्रण रेखा पर गोलाबारी शुरू कर दी है, जिसमें आम नागरिकों को निशाना बनाया जा गया। पुंछ के मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ. परवेज अहमद ने बताया कि सीमा पार से गोलाबारी के कारण 12 लोगों की मौत हो गई और 42 अन्य घायल हो गए। उन्होंने पुष्टि की कि पुंछ जिले में अब तक कुल 12 लोगों की मौत





हो चुकी है, जबकि 42 घायल हैं, जिनमें से दो गंभीर रूप से घायल हैं, जिन्हें जीएमसी जम्मू में स्थानांतरित कर दिया गया है।

## जैश आतंकी मसूद अजहर का कुनबा तबाह, परिवार के 10 सदस्य मारे गए

राजस्थान की राजनीति

**नई दिल्ली।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के जवाब में भारत ने पाकिस्तान और पीओके में नौ आतंकी ठिकानों पर लक्षित हमले किए। इन हमलों में आतंकी मसूद अजहर के परिवार के कम से कम 10 सदस्यों की मौत की खबर है।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार बुधवार को भारत द्वारा किए गए हमलों में जैश के आतंकवादी मसूद अजहर के 10 परिवार के सदस्य मारे गए हैं। मारे गए लोगों में मसूद अजहर की बहन और बहनोई भी शामिल हैं।

बहावलपुर को निशाना बनाकर किए गए भारतीय हमलों में दस लोगों को मार गिराया गया। सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रहे पोस्ट में संयुक्त राष्ट्र द्वारा नामित आतंकवादी द्वारा जारी एक बयान दिखाया गया है, जिसमें पुष्टि की गई है कि हमलों में उसके 10 परिवार के सदस्य मारे गए हैं।

### बहन, बहनोई की मौत

पोस्ट में लिखा है, मेरे खानदान के 10 सदस्य मारे गए। इनमें मेरी बड़ी बहन, उसके पति, मेरा भांजे और उनकी पत्नी और भांजी भी शामिल है।

इसका दर्द बयान नहीं किया जा सकता, लेकिन मुझे इसका न तो अफसोस है, न मायूसी और न ही खौफ। बस बार-बार दिल में आता है कि मैं भी इन लोगों में शामिल होता। रक्षा मंत्रालय ने एक आधिकारिक बयान में पुष्टि की है कि आतंकवाद से जुड़ी नौ जगहों पर सटीक निशाना साधा गया। महत्वपूर्ण बात यह है कि हमलों में किसी भी पाकिस्तानी सैन्य ठिकाने को निशाना नहीं बनाया गया, जिससे यह पता चलता है कि ऑपरेशन का उद्देश्य केवल आतंकी ठिकानों को खत्म करना और सीधे सैन्य तकराव से बचना था।

### राजनाथ बोले- सेना ने सटीक ऑपरेशन किया

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा- एक तरीके से देखा जाए तो हम कह सकते हैं यह एक तरह से सटीकता और मानवीयता हमारे जवानों ने दिखाई। मैं सेना को साधुवाद देता हूं। जिन आतंकियों ने हमारे लोगों को मारा था, सेना ने उनके कैंप नष्ट कर दिए। इसमें किसी भी सिविलियन्स को कोई नुकसान नहीं हुआ। राजनाथ बीआरओ के स्थापना दिवस कार्यक्रम में बोल रहे थे।

### राहुल गांधी बोले- सेना को सलाम

राहुल गांधी बोले- हम सेनाओं को पूरा समर्थन देते हैं। हमारा पूरा सपोर्ट है। हमारे जवानों को पूरा समर्थन है।

### खड़गे बोले- सेना की बहादुरी को सलाम

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा- देश की सेना की बहादुरी को सलाम है। उनके साथ हम कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं। हमारे भारतीय शस्त्र बलों पर हम गर्व करते हैं, जिन्होंने पाकिस्तान और पीओके के अंदर के ठिकानों पर साहसिक कार्रवाई की। पहलगाम में हुए आतंकी हमले के दिन से ही कांग्रेस सेना और सरकार के साथ खड़ी थी।

### मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने की भारतीय सेना की प्रशंसा

सीएम भजनलाल शर्मा से लेकर सरकार के मंत्रियों ने पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों पर हुई एयर स्ट्राइक के बाद सोशल मीडिया पोस्ट करके प्रतिक्रिया दी है। सीएम भजनलाल शर्मा ने ऑपरेशन सिंदूर का लोगो शेयर करते हुए संस्कृत श्लोक लिखा। सीएम ने लिखा- शौर्यं तेजः संयमश्च, यत्र भारत सैनिकाः। विजयं तेषु नित्यं स्यात्, जयतु भारतमाता' भारत माता की जय।

### गहलोत बोले- हम मजबूती से सेना और सरकार के साथ खड़े हैं

पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने कहा- भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदू ने पाकिस्तानी आतंकी ठिकानों को ध्वस्त कर आतंक पर कड़ा प्रहार किया है। कांग्रेस पार्टी और पूरा भारत इस कार्रवाई का स्वागत करता है और पूरी मजबूती से भारतीय सेना और भारत सरकार के साथ हम मजबूती से खड़े हैं ।

### रोहित शर्मा ने लिया टेस्ट से सन्यास

**मुम्बई।** रोहित शर्मा ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर स्टोरी शेयर कर रिटायरमेंट की जानकारी दी। रोहित वनडे खेलना जारी रखेंगे। बुधवार शाम को रिपोर्ट्स आई थीं कि उन्हें इंग्लैंड दौरे पर टेस्ट कप्तानी से हटाया जाएगा, जिसके बाद उन्होंने रेड बॉल क्रिकेट को अलविदा कह दिया

एअर इंडिया, इंडिगो और स्पाइसजेट ने 15 शहरों में उड़ानें रद्द कीं

## देश के 18 एयरपोर्ट्स पर ऑपरेशन बंद, 200 फ्लाइट्स कैंसिल

राजस्थान की राजनीति

**श्रीनगर/जयपुर/ अमृतसर।** पाकिस्तान पर एयरस्ट्राइक के बाद भारत ने 7 राज्यों के 18 एयरपोर्ट्स पर फ्लाइट्स ऑपरेशन बंद कर दिए हैं। इनमें से बड़े एयरपोर्ट श्रीनगर, जम्मू, लेह, चंडीगढ़, बीकानेर, जोधपुर, राजकोट, धर्मशाला, अमृतसर, भुज और जामनगर हैं।

दिल्ली एयरपोर्ट से आने-जाने वाली लगभग 140 उड़ानें कैंसिल कर दी गईं। इसके अलावा 4 इंटरनेशनल फ्लाइट्स भी कैंसिल की गईं।

यह एयरपोर्ट्स पाकिस्तान बॉर्डर से लगे हुए हैं। एअर इंडिया,




इंडिगो, स्पाइसजेट, एयर इंडिया एक्सप्रेस, आकासा एयर और कुछ विदेशी एयरलाइंस ने करीब 200 फ्लाइट्स को कैंसिल किया है।

जम्मू-कश्मीर, पंजाब और राजस्थान के कई जिलों में स्कूल बंद कर दिए गए हैं। करतारपुर कॉरिडोर को भी बंद कर दिया गया है। यहां से सिख श्रद्धालु पाकिस्तान में करतारपुर साहिब के दर्शन करने जाते थे।

एअर इंडिया ने 9 शहरों के लिए लिए सभी उड़ानें 10 मई की सुबह 05.29 बजे तक रद्द कीं। ये शहर हैं- जम्मू, श्रीनगर, लेह, जोधपुर, अमृतसर, भुज, जामनगर, चंडीगढ़ और राजकोट।

इंडिगो ने 11 शहरों की सभी फ्लाइट्स 10 मई की सुबह 05.29 बजे तक रद्द कीं। ये शहर हैं- जम्मू, श्रीनगर, अमृतसर, लेह, चंडीगढ़, धर्मशाला, बीकानेर, जोधपुर, ग्वालियर, किशनगढ़ और राजकोट।

स्पाइसजेट ने 6 शहरों की सभी उड़ानें 7 मई तक रद्द कीं। ये शहर हैं- लेह, श्रीनगर, जम्मू, कांगड़ा (हिमाचल), कांडला (गुजरात) और अमृतसर।

10 मई तक इंडिगो की 165 डोमेस्टिक फ्लाइट्स कैंसिल हुई हैं। एयरलाइंस हर दिन करीब 2200 फ्लाइट्स ऑपरेट करती है। दिल्ली एयरपोर्ट पर अलग-अलग एयरलाइंस की 20 फ्लाइट्स कैंसिल हुई है।

पंजाब के अमृतसर, पठानकोट, गुरदासपुर, फाजिल्का, फिरोजपुर के सभी स्कूल अगले आदेश तक के लिए बंद कर दिए गए हैं।

पठानकोट के सभी स्कूल अगले 72 घंटों तक बंद रहेंगे। जम्मू, सांबा, कठुआ, राजौरी और पुंछ में सभी स्कूल, कॉलेज और शैक्षणिक संस्थान भी बुधवार को बंद रहे।

पाकिस्तान पर एयरस्ट्राइक के बाद श्रीनगर स्थित कश्मीर यूनिवर्सिटी में सभी एग्जाम कैंसिल कर दिए गए हैं। यूनिवर्सिटी ने कहा कि परीक्षाओं की नई तारीखें बाद में जारी की जाएंगी। राजस्थान में पाकिस्तान से सटे बॉर्डर के जिले जैसलमेर, बाड़मेर और बीकानेर में स्कूलों की छुट्टियां कर दी गई है। इ

# श्री श्याम सखा मंडल के अध्यक्ष बने सुशील जैन

## सिंधी मंदिर पर सुशील जैन का श्री श्याम सखा मंडल के सदस्यों ने किया स्वागत



राजस्थान की राजनीति

**नदबई।** श्री श्याम सखा मंडल की मीटिंग सिंधी मंदिर पर आयोजित की गई जिसमें अध्यक्ष देवेश गर्ग की उपस्थिति में वर्तमान कार्य कारणी को निरस्त किया गया। सर्वसम्मति से श्याम सखा मंडल के सदस्यों ने, अध्यक्ष पद पर सुशील जैन एवं कोषाध्यक्ष बंटू गोयल व मंत्री कपिल गर्ग, ऋतुराज बंसल को चुना। श्री श्याम सखा मंडल ने माला व साफा पहनाकर अध्यक्ष व अन्य पदाधिकारी का सफा व माला पहनकर स्वागत किया। इस श्याम सखा मंडल के सदस्य श्याम बाबा के भजन और कीर्तन का आयोजन कस्बे में अनवरत रूप से कराते आ रहे हैं। बैठक के दौरान श्याम प्रेमी धनेश सिंघल, हेमंत मित्तल, धर्मेंद्र गर्ग, देवेश गर्ग, दिनेश (मामा), सुमित गर्ग, मनीष जिंदल, निशांत जिंदल, रवि मित्तल, यश जिंदल, वरुण गर्ग, आशु सिंघल, राजू , तरुण मारवाड़, योगेश सिंघल, संजू गोयल सहित सभी श्याम सखा मंडल के सदस्य मौजूद रहे।

# भीषण गर्मी के चलते राहगीरों के लिए भामाशाह जिंदल ने लगवाया वाटर कूलर

## स्टेशन रोड स्थित पुरानी पीएनबी गली के पास से निकलने वाले राहगीरों के लिए ठंडा पेयजल की मिलेगी सुविधा



राजस्थान की राजनीति

**नदबई।** राजस्थान में इन दिनों भीषण गर्मी का प्रकोप जारी है, अभी कुछ मौसम में जगह-जगह बारिश होने के चलते हीटबेव का प्रकोप कम हो गया है और वही तापमान भी गिरावट आई है। इस बीच सामाजिक सरोकार निभाते हुए भामाशाह रामवतार जिंदल उर्फ रामू पुत्र द्वारिका प्रसाद ऊर्फ जाजू सेठ द्वारा पुरानी पंजाब नेशनल बैंक वाली गली के सामने ठंडे पानी का वाटर कूलर लगवाया गया है।

वाटर कूलर स्थापित कराने वाले रामवतार जिंदल उर्फ रामू ने पूजा-अर्चना कर विधिवत उद्घाटन किया। इसके बाद वाटर कूलर को चालू किया गया। जिंदल ने बताया कि, इस इलाके में पहले भी कई वाटर कूलर लगे हुए थे, वह वाटर कूलर भी भामाशाहओ ने ही लगवाए थे, लेकिन मेंटेनेंस नहीं होने के चलते कई वाटर कूलर वहां बंद पड़े हुए थे। जिससे राहगीरों को खासकर दोपहर के समय काफी परेशानी होती थी। इसी को देखते हुए उन्होंने यह वाटर कूलर लगवाने का निर्णय लिया, ताकि गर्मी में लोगों को शीतल जल उपलब्ध कराया जा सके। जबकि भामाशाह अजय जैन वाइस चेयरमैन एवं मुकेश जैन पुत्र खेमचंद जैने ने कई वर्षो पहले ही, इस रोड पर लगवाया था रहागीरों के लिए ठंडा पेयजल पीने के लिए वाटर कूलर। वहीं देखने में आया है कि इस स्टेशन रोड पर लगे हुए हैं तीन-चार वाटर कूलर, रहागीरों ने भामाशाह रामू जिंदल पुत्र द्वारका जिंदाल उर्फ जाजू सेठ का तहे दिल से आभार जताया।

# एसएमएस एवं संबद्ध अस्पतालों में सुरक्षा व्यवस्था होगी सुदृढ़, सीआईएसएफ तैयार करेगा रिपोर्ट

राजस्थान की राजनीति

**जयपुर।** सवाई मानसिंह मेडिकल कॉलेज एवं इससे संबद्ध अस्पतालों में सुरक्षा और अग्नि सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल द्वारा परामर्श सेवाएं प्रदान की जाएंगी। सीआईएसएफ को इसके लिए कार्य सौंपा गया है। चिकित्सा शिक्षा सचिव अम्बरीष कुमार ने बताया कि सीआईएसएफ की तीन टीमें शीघ्र ही एसएमएस अस्पताल, कांवटिया अस्पताल, गणगौरी अस्पताल, जेके लोन अस्पताल, महिला चिकित्सालय, सैटेलाइट अस्पताल, जनाना अस्पताल, मनोरोग चिकित्सा संस्थान सहित अन्य संस्थानों की सुरक्षा और अग्नि सुरक्षा की समीक्षा कर समग्र रिपोर्ट तैयार करेंगी।

इस कार्य के समन्वय के लिए डॉ. गोवर्धन मीणा, अतिरिक्त प्राचार्य को कॉलेज स्तर पर नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। सभी संबंधित अस्पतालों के अधीक्षकों को निर्देशित किया गया है कि वे सीआईएसएफ टीम को पूर्ण सहयोग प्रदान करें। यह परामर्श रिपोर्ट सीआईएसएफ द्वारा जल्द तैयार कर राज्य सरकार को सौंपी जाएगी। यह पहल अस्पताल परिसरों की सुरक्षा व्यवस्था को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ होने से चिकित्सा कर्मियों को कार्य के लिए बेहतर माहौल मिल सकेगा एवं मरीजों एवं उनके परिजनों को भी सुविधा होगी। परिसर में चोरी या अन्य घटनाओं पर प्रभावी रोकथाम लग सकेगी।

# प्राथमिक उपचार की जानकारी हर किसी के लिए उपयोगी - रेखा यादव

## अच्छे मददगार के रूप में सहयोग करें - डॉ आर एस गर्ग



राजस्थान की राजनीति

**धौलपुर (दीपू वर्मा)।** रोटरी क्लब धौलपुर सिटी द्वारा सड़क सुरक्षा अग्रदूत कार्यक्रम के अंतर्गत प्राथमिक उपचार शिविर का आयोजन श्याम परिसर में किया गया । जिसमें विद्यालय के छात्रों के साथ शहर के युवाओं ने भागीदारी निभाई।

समारोह में उपस्थित जन समूह को संबोधित करते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव रेखा यादव ने कहा कि वर्तमान समय में प्राथमिक उपचार की जानकारी प्रत्येक व्यक्ति को होनी चाहिए यदि हमें प्राथमिक उपचार की सही जानकारी है तो हम विपरीत परिस्थितियों में किसी की जान बचा सकते हैं। उन्होंने कहा कि आपसी प्रकरणों का राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से निस्तारण कराया जा सकता है। इससे आपस में प्रेम बना रहता है और संबंध मधुर रहते हैं। उन्होंने रोटरी क्लब को आयोजन के लिए शुभकामनाएं दी और कहा कि इस प्रकार के आयोजन समय-समय पर होते रहने चाहिए। राजस्थान लोक सेवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष डॉ आर एस गर्ग ने कहा कि रेड क्रॉस के जरिए हमारे द्वारा समय-समय पर युवाओं के बीच प्राथमिक उपचार को लेकर आयोजन होते रहते हैं जिससे लोगों को इसके बारे में अधिक से अधिक जानकारी मिल सके। उन्होंने कहा कि यदि आप सड़क पर किसी घायल को देखते हैं तो तत्काल प्रभाव से उसे नजदीकी चिकित्सालय में पहुंच कर एक अच्छे मददगार का फर्ज निभा सकते हैं। जिसके लिए सरकार आपको सम्मानित करेगी और पुलिस भी आपसे किसी प्रकार की कोई पूछताछ नहीं करेगी। जिला परिवहन अधिकारी गौरव यादव ने कहा कि हमारा उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना है । इसके लिए हम राष्ट्रीय राजमार्ग के स्टे प्रत्येक गांव में एक सड़क सुरक्षा अग्रदूत को तैयार करने का प्रयास कर रहे हैं । इस प्रकार के आयोजनों के माध्यम से हमें जल्द ही सफलता मिलेगी और सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सकेगी। उन्होंने विद्यार्थियों से आव्हान किया कि वह सड़क में घायल को तत्काल प्रभाव से नजदीकी चिकित्सालय पहुंचने में मदद करें। इस अवसर पर सड़क सुरक्षा समिति के सदस्य डॉ निखिल अग्रवाल ने कहा कि रोटरी क्लब सामाजिक सरोकार के क्षेत्र में अपनी माहिती भूमिका निभा रहा है । आज क्लब द्वारा बच्चों के लिए तथा शहर के युवाओं के लिए विशेष रूप से एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया है । निकट भविष्य में इस प्रकार के आयोजन और भी कराए जाएंगे। रोटरी क्लब के अध्यक्ष गौरव गर्ग ने कहा कि हमारा प्रयास सड़क दुर्घटनाओं में हो रही अकाल मृत्यु दर को कम करना है। इसके लिए हमें जागरुक होने की आवश्यकता है । और आज इसी कड़ी में हमारे द्वारा यह शिविर लगाया गया है जिसमें 10 दर्जन से अधिक लोगों को हमने प्राथमिक उपचार के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी उपलब्ध कराई है।

### प्राथमिक उपचार के बारे में

विस्तृत रूप से जानकारी देते हुए प्राथमिक उपचार विशेषज्ञ डॉ. प्रज्ञादीप वर्मा ने बताया कि यदि हमारे द्वारा प्राथमिक उपचार से एक भी जीवन को बचता जाता है तो हमारा जानकारी देने का उद्देश्य सफल हो जाता है। उन्होंने विभिन्न प्रकार से दुर्घटनाओं में घायलों को किस-किस तरह से उन्हें प्राथमिक सहायता देनी चाहिए इसके बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी, विशेष कर सड़क में घायल व्यक्ति को हम किस प्रकार सहायता कर सकते हैं उसके बारे में बताया। उन्होंने बिजली करंट व्यक्ति को प्राथमिक उपचार देना, बच्चों द्वारा सिक्के निगल जाने पर प्राथमिक उपचार देना जैसे विषयों पर जानकारियां उपलब्ध कराई। इससे पूर्व रोटेरियन अतुल कुमार भार्गव ने अतिथियों को माला व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर परिवहन निरीक्षक दीपक शर्मा, डॉ. विनोद गर्ग अमन भार्गव एडवोकेट ,न्याय दर्शन संस्था के अध्यक्ष चंद्रमोहन पाराशर एडवोकेट, सचिव रंजीत दिवाकर एडवोकेट ,संजय अग्रोहा व असलम खान मुख्य रूप से उपस्थित थे। अंत में आभार रोटरी क्लब के सचिव अंकित अग्रवाल द्वारा दिया गया।

# भाजपा ने एयर स्ट्राइक पर मनाया जश्न

राजस्थान की राजनीति



**भरतपुर।** पहलगांव में पाकिस्तानी आतंकवादियों द्वारा भारतीय नागरिकों की नृषंस हत्या के एवज भारतीय सेना ने पाकिस्तानी आतंकवादी ठिकानों को एयर स्ट्राइक कर ध्वस्त कर दिया। सेना द्वारा लिए गए बदले की खुशी में भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय भरतपुर पर कार्यकर्ताओं ने आतिषबाजी तथा मिठाई बांटकर खुषी का जबरदस्त इजहार किया। भारतीय सेना जिन्दाबाद के जयघोश से भाजपा कार्यालय गूंज उठा तथा भाजपा कार्यकर्ताओं में अत्यधिक जोष, उत्साह और उमंग देखने को मिली। भाजपा जिलाध्यक्ष षिवानी दायमा ने अपने वकतव्य में कहा कि कुछ दिन पहले पाकिस्तानी आतंकवादियों ने हमारी भारतीय नारियों का सिंदूर उजाड़ा था उसी की एवज में भारतीय सेना द्वारा ऑपरेषन सिंदूर चलाकर जवाबी कार्यवाही की। भारतीय संस्कृति में सुहागन महिलाओं के लिए सिंदूर की कीमत अमूल्य होती है। पाक आतंकवादियों ने तो हमारी महिलाओं का सिंदूर उजाड़ा था, हमारी सेना ने तो पूरे पाकिस्तान का ही सिंदूर उजाड़ दिया आगे ये भी कहा 'भारतीय सेना ने चलाया ऑपरेषन सिंदूर और पाकिस्तान को कर दिया चकनाचूर।' प्रदेष प्रवक्ता षैलेश कौषिक ने कहा कि पाकिस्तानी दषहतगर्दी ने हिन्दुस्तान की सरजमीं पर भारतीय महिलाओं के सामने उनके सुहाग को उजाड़ा था, ठीक उसी प्रकार भारतीय सेना ने पाकिस्तान के आतंकवादी ठिकानों को उजाड़कर एहसास करा दिया है कि आप दूर से वार करोगे तो हम घर में घुसकर मारेंगे। भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी उत्तम कार्यषैली का बखान करते हुए कहा कि मोदी सरकार ने हमेषा पाकिस्तान को मुहतोड़ जवाब दिया है और पाकिस्तान ने हमेषा मुह की खाई है। पूर्व मंत्री गिरधारी तिवारी ने कहा कि पाक ने नापाक इरादों से भारत के नागरिकों की जो हत्या की थी उसके एवज में आज भारतीय सेना ने ऑपरेषन सिंदूर चलाकर बदला ले लिया है भारतीय सेना के साहसिक कार्य की प्रषंसा करते हुए कहा पाकिस्तान अपने कृत्यों से बाज आए अन्यथा इसी प्रकार हम मुहतोड़ जवाब देंगे। 'आंख उठाई तो आंख फोड़ देंगे, सिर उठाया तो सिर काट देंगे, खून का बदला खून से लेंगे, ईट का जवाब पत्थर से देंगे'। पूर्व मंत्री भानुप्रताप राजावत ने अपने उद्बोधन में कहा कि पाक आतंकियों ने धर्म पूछकर हिन्दुस्तानियों की जो हत्या की उसकी कड़े षब्दों में निन्दा करते हैं तथा भारतीय सेना ने जो जवाबी कार्यवाही की है उससे पूरे देष में खुषी का माहौल है। भारतीय सेना ने ऑपरेषन सिंदूर चलाकर पाकिस्तानियों को सिंदूर की औकात बता दी है।

इस मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष सतेन्द्र गोयल, मनोज भारद्वाज, पूर्व जिला उपाध्यक्ष गिरधारी गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष राजू कटारा, भगवानदास षर्मा, प्रेमपाल सिंह, रूपेन्द्र जघीना, अनिल अनाह, संजीव षर्मा, धमेन्द्र जाटव, अनामिका सिंह, चिरौंजा, दिनेष भातरा, मोहन रारह, डॉ. वीरेन्द्र पचौरी, वीरेन्द्र गुर्जर, चन्द्रवीर, अनुराग तमरौली, मनीश पहलवान, पंकज षर्मा, राकेष वर्मा, जीतू पहलवान, दुश्यन्त सिंह, हरिमोहन षर्मा, चन्दा पण्डा, उत्तम षर्मा आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# दौसा अरबन को-ऑपरेटिव बैंक लि. दौसा द्वारा मनाया अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025

राजस्थान की राजनीति




**दौसा (विष्णु आशीर्वाद)।** दौसा अरबन को-ऑपरेटिव बैंक लि. दौसा द्वारा अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 कृष्ण अवतार शर्मा की अध्यक्षता में मनाया गया। इस कार्यशाला में कैलाश चंद्र सैनी, तकनिकि सहायक, सहकारिता विभाग, दौसा कि और से भाग लिया, उन्होने इस सम्बंध में किये जा रहे नवाचार से अवगत कराया तथा वर्ष 2025 में सहकारिता विभाग द्वारा जारी वार्षिक कैलेंडर के परिपेक्ष में यह आयोजन बैंक की तरफ से किया गया। श्री सैनी जी ने सहकारिता अधिनियम की धारा 99-100 तथा 101 व 103 के बारे में जानकारी दी। इस उपलक्ष में सत्येंद्र जवेरिया, प्रबंध निदेशक ने बताया कि दौसा बैंक राजस्थान में प्रथम बैंक है जिसमे सकल एन. पी. ए. जीरो है, इस मौके पर अध्यक्ष कृष्ण अवतार शर्मा ने सहकारिता के प्रचार प्रसार व बैंक की वित्तिय साख के बारे में विस्तृत जानकारी दी तथा ये भी अवगत कराया कि आर. बी. आई के निर्देशों के अनुसार बैंक अपनी लालसोट शाखा को नये भवन में शिफ्ट कर रहा है जहा हर तरह की सुरक्षा होगी। इस आयोजन में बैंक के अन्य निदेशक राजीव धांकरिया, जितेंद्र शर्मा, कपिल राजोरिया, द्वारका प्रसाद गुप्ता व रेणु चौधरी तथा समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

# श्रीमद् भागवत कथा में नंदोत्सव मनाया धूमधाम से, भजनों पर झूमे श्रद्धालु



राजस्थान की राजनीति

**नदबई।** कासगंज रोड स्थित गली नंबर 17 में चल रही श्रीमद्भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ समारोह में आज नंदोत्सव बड़े ही धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया गया। कथा स्थल को विशेष रूप से सजाया गया था। रंग-बिरंगी रोशनी, गुब्बारों और फूलों से सजे पंडाल में भक्तिमय वातावरण चारों ओर छाया हुआ था। जैसे ही कार्यक्रम शुरू हुआ, श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बनता था। नंदोत्सव के अवसर पर कस्बा ही नहीं, बल्कि आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से भी भारी संख्या में श्रद्धालु कथा स्थल पर पहुंचे। कथा वाचक श्रद्धेय साध्वी बाल व्यास मनीषा बृजवासी ने भगवान श्रीकृष्ण के जन्म और बाल लीलाओं का वर्णन किया। कथा सुनते-सुनते जैसे ही नंदोत्सव का प्रसंग आया, श्रद्धालुओं ने तालियों और जयकारों के साथ भगवान के जन्म का स्वागत किया। कथा वाचक ने भजनों की मनमोहक प्रस्तुति देकर समां बांध दिया। भजनों पर श्रद्धालु खुद को थिरकने से रोक नहीं पाए। महिलाएं और पुरुष भक्ति रस में डूबकर नृत्य करने लगे। पूरा पंडाल 'नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की' जैसे जयकारों से गूंज उठा।

नंदोत्सव के उपरांत विशेष आरती की गई। श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीकृष्ण की आरती कर आशीर्वाद लिया। इसके बाद सभी को प्रसाद वितरित किया गया। इस मौके पर रामसिंह, कुंदन सिंह, पाच्या, माधो सिंह, विष्णु कुमावत समेत अन्य लोग शामिल थे।

# खोलो अभियान के दौरान जेसीबी से प्रशासन ने हटवाया अतिक्रमण

## कई जगह चलाया पीला पंजा



राजस्थान की राजनीति

**नदबई।** राज्य सरकार द्वारा आमजन को राहत देने और आवागमन से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए चलाए जा रहे 'रास्ता खोलो अभियान' के तहत आज बुधवार को नदबई तहसील प्रशासन ने 12 गाँवों में अवरुद्ध पड़े रास्तों को खुलवाया। अभियान का नेतृत्व तहसीलदार जगवीर सिंह बेनीवाल ने किया, जिनकी निगरानी में राजस्व टीम ने रास्तों को चिन्हित कर खुलवाया। आज गांव छतरपुर, नयावास, रायसीस, खांगरी, उटारदा, लुहासा, चैनपुरा, बरौलीछार, नगला बंजारा, लखनपुर, नगला डिप्टी और ऐंचेरा में पिछले कई वर्षो से अतिक्रमण या अन्य वजहों से रास्ते बंद पड़े थे, जिससे ग्रामीणों को खेत, स्कूल, अस्पताल, श्मशान घाट और अन्य सार्वजनिक स्थलों तक पहुँचने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। तहसीलदार जगवीर सिंह बेनीवाल ने बताया, ÷यह अभियान जनसुविधा और जनहित में चलाया जा रहा है। हमारा उद्देश्य है कि कोई भी व्यक्ति आवाजाही के अधिकार से वंचित न रहे।

# नदबई में बूंदाबांदी से 32 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ तापमान लोगों को गर्मी से मिली राहत



राजस्थान की राजनीति

**नदबई।** बुधवार दोपहर को एक बार फिर मौसम ने करवट ली, जब आसमान में घने बादल छा गए और बारिश शुरू हुई। इस मौसमी बदलाव ने पिछले कुछ दिनों से जारी गर्मी से लोगों को राहत दिलाई। पिछले कुछ दिनों में तापमान 32 से 35 डिग्री सेल्सियस के बीच बना हुआ था, लेकिन आज दोपहर की बूंदाबांदी और ठंडी हवाओं ने मौसम को सुहाना बना दिया।

पिछले हफ्ते से नदबई में गर्मी ने लोगों को परेशान किया था। हालांकि, समय-समय पर आंधी और हल्की बारिश के कारण तापमान में कमी आई थी। बुधवार को दोपहर करीब 12 बजे आसमान में अचानक बादल छाने शुरू हुए, और कुछ ही देर बाद बारिश ने मौसम को और ठंडा कर दिया। नदबई के लिए यह लगातार तीसरा मौसमी बदलाव है, जो मई की शुरुआत में भीषण गर्मी के बीच राहत लेकर आया है। लोग इस सुहाने मौसम का आनंद उठा रहे हैं और उम्मीद कर रहे हैं कि अगले कुछ दिन भी मौसम ऐसा ही बना रहे।

मुख्यमंत्री ने बुधवार को प्रस्तावित मॉक ड्रिल की तैयारियों की समीक्षा

## सायरनों का हो प्रभावी संचालन आमजन को सुरक्षा मानकों के बारे में किया जाए जागरूक - मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

राजस्थान की राजनीति



**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने केन्द्रीय गृह मंत्रालय द्वारा प्रदत्त दिशा निर्देशों की पालना में आज बुधवार (7 मई) को आयोजित होने वाली मॉक ड्रिल को लेकर केवड़िया, गुजरात से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उच्च अधिकारियों के साथ मंगलवार रात को बैठक ली। इस दौरान मुख्यमंत्री शर्मा ने अधिकारियों को गृह मंत्रालय की गाइडलाइन के अनुसार समन्वय स्थापित करने, आपदा प्रतिक्रिया प्रणाली को सुदृढ़ करने एवं नागरिक सुरक्षा प्रोटोकॉल का अनुपालन सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा ही सभी संचार माध्यमों एवं सायरनो को दुरुस्त किया जाकर संचार प्रणाली का सुदृढ़ीकरण सुनिश्चित किया जाए। शर्मा ने कहा कि मॉक ड्रिल के संबंध में आमजन को जागरूक किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि जिला प्रभारी सचिव और जिला कलेक्टर्स मॉक ड्रिल का प्रभावी संचालन सुनिश्चित करें। साथ ही, शर्मा ने आवासीय, बहुमंजिला इमारतों और सीमावर्ती क्षेत्रों के संबंध में मॉक ड्रिल की व्यवस्था के बारे में जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। वीडियो कॉन्फ्रेंस में मुख्य सचिव सुधांश पंत, अतिरिक्त मुख्य सचिव गृह सचिव आनंद कुमार, पुलिस महानिदेशक यूआर साहू सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री अनुप्रति कोचिंग योजना 2024-25- 'मेरिट सूची में चयनित अभ्यर्थी 11 मई तक कोचिंग संस्थानों में दें उपस्थिति'

राजस्थान की राजनीति

**जयपुर।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा मुख्यमंत्री अनुप्रति कोचिंग योजना के तहत मुख्य मेरिट सूची में चयनित अभ्यर्थियों को 11 मई, 2025 तक अपनी उपस्थिति कोचिंग संस्थानों में देनी होगी। निदेशक एवं संयुक्त शासन सचिव, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग बचनेश अग्रवाल ने बताया कि योजनान्तर्गत सत्र चयनित अभ्यर्थी की स्व्ह्ह ढ्ढ्ष्ट में कोचिंग संस्थान के प्रदर्शित कोचिंग सेन्टर पर अपनी सुविधानुसार कोचिंग संस्थान में 11 मई 2025 तक अपनी उपस्थिति दर्ज करवा सकते हैं।

अग्रवाल ने बताया कि योजना के अंतर्गत विभिन्न प्रोफेशनल कोर्स के लिए आयोजित प्रवेश परीक्षाओं एवं सरकारी नौकरियों के लिए आयोजित होने वाली प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी उत्कृष्ट ढंग से कराने एवं समान अवसर प्रदान करने के लिए विभाग द्वारा यह अवसर दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सत्र 2024-25 के लिए विभाग द्वारा सूचीबद्ध कोचिंग संस्थाओं में निःशुल्क कोचिंग किये जाने के लिए इच्छुक अभ्यर्थियों से प्राप्त आवेदन पत्रों की प्रोविजनल मैरिट सूची जारी कर विभागीय जिलाधिकारियों से अभ्यर्थियों की पात्रता एवं उनके आवेदन में अपलोड किये गये दस्तावेजों के सत्यापन/जांच के बाद जिलाधिकारियों द्वारा अनुमोदित किये गये आवेदन पत्रों के आधार पर पात्र अभ्यर्थियों की मुख्य मेरिट सूची जारी की जा चुकी है। अग्रवाल ने बताया कि जारी की गई मुख्य मेरिट सूची विभागीय वेबसाइट www-sje-rajasthan-gov-in पर उपलब्ध है। मुख्यमंत्री अनुप्रति कोचिंग योजना के संशोधित नवीनतम विस्तृत दिशा-निर्देश एवं मानक संचालन प्रक्रिया के अनुसार मुख्य मेरिट सूची जारी होने के उपरान्त अभ्यर्थियों को 10 दिवस के भीतर कोचिंग संस्थान में उपस्थिति दिए जाने का प्रावधान है।

## एवियन बोटुलिज्म की तैयारी और प्रतिक्रिया पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित




राजस्थान की राजनीति

**जयपुर।** सांभर लेक मैनेजमेंट एजेंसी और पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग राजस्थान सरकार द्वारा वाइल्ड लाइफ ट्रस्ट ऑफ इंडिया के सौजन्य से एवियन बोटुलिज़्म की तैयारी और प्रतिक्रिया पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता प्रधान मुख्य वन संरक्षक, प्रशासन एवं समन्वय पवन कुमार उपाध्याय ने की। कार्यशाला की शुरुआत करते हुए मुख्य कार्यकारी अधिकारी सांभर लेक मैनेजमेंट एजेंसी एवं विशिष्ठ शासन सचिव पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग बीजो जोय द्वारा सभी आगंतुकों का स्वागत किया गया और सांभर झील क्षेत्र का एक विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया। इस कार्यशाला का मुख्य केंद्र 2019 और 2024 में सांभर झील क्षेत्र में एवियन बॉटलिज्म से पक्षियों की मृत्यु रही। भविष्य में ऐसी त्रासदी को रोकने हेतु एक विस्तृत कार्य योजना बनाने हेतु सभी सम्बंधित विभागों और हितधारकों से विस्तृत चर्चा की गई, और 2019 में जारी की गईस्ह्नक्क्को नवीन रूप देने हेतु सुझावों को आमंत्रित किया गया। इस कार्यशाला के पश्चात् एवियन बॉटलिज्म से भविष्य में निपटने के लिए एक नवीन कार्यनीति जारी करने कि कार्यवाही की जाएगी। कार्यशाला की मुख्य अतिथि सुशिखा मेहरा, प्रधान मुख्य वन संरक्षक और मुख्य वन्य जीव प्रतिपालक राजस्थान ने एवियन बॉटलिज्म की तैयारी और प्रतिक्रिया पर विचार रखे। कार्यशाला में मुख्य वन संरक्षक जयपुर, मुख्य वन संरक्षक अजमेर, उप वन संरक्षक जयपुर, उप वन संरक्षक अजमेर, उप वन संरक्षक नागौर, उप वन संरक्षक सवाई माधोपुर, अतिरिक्त जिला कलेक्टर अजमेर, अतिरिक्त जिला कलेक्टर जयपुर तृतीय, अतिरिक्त जिला कलेक्टर डीडवाना कुचामन, अतिरिक्त निदेशक उद्योग विभाग,संयुक्त निदेशक पशुपालन विभाग और उनकी पशु चिकित्सक और विशेषज्ञों की टीम, WII देहरादून से वरिष्ठ वैज्ञानिक,अतिरिक्त मुख्य अभियंता जल संसाधन विभाग, सांभर सॉल्ट लिमिटेड के प्रतिनिधि, स्वायत्त शासन विभाग के प्रतिनिधि, वाइल्ड लाइफ ट्रस्ट ऑफ इंडिया की टीम, WWF India के प्रतिनिधि, एनजीओ रक्षा, एनजीओ हॉप एंड बियोंड, BNHS की टीम, सहित अन्य हितधारक मौजूद रहे। कार्यशाला का समापन वी केतन कुमार,उप वन संरक्षक जयपुर, उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी सांभर लेक मैनेजमेंट एजेंसी मुख्यालय द्वारा सभी को धन्यवाद देकर किया गया।

## राजस्थान राज्य सहकारी उपभोक्ता संघ (कॉनफैड) की बेशकीमती जमीन कब्जा मुक्त

राजस्थान की राजनीति

**जयपुर।** राजस्थान राज्य सहकारी उपभोक्ता संघ (कॉनफैड) की बेशकीमती जमीन को कब्जा मुक्त करवाया गया है। माननीय न्यायालय का निर्णय कॉनफैड के पक्ष में आने के बाद नगर निगम ग्रेटर, जयपुर द्वारा यह कार्यवाही की गई है। कॉनफैड की प्रशासक एवं रजिस्ट्रार सहकारी समितियां श्रीमती मंजू राजपाल ने बताया कि राजापार्क के पंचवटी सर्किल स्थित राजस्थान राज्य सहकारी उपभोक्ता संघ के भूखण्ड पर विगत कई वर्षों से कब्जा था तथा इस सम्बन्ध में वाद न्यायालय में विचाराधीन था। कुछ माह पूर्व हुई कॉनफैड की 39वीं वार्षिक आम सभा में प्रकरण की प्रभावी पैरवी कर निस्तारण करवाने तथा कब्जा हटवाने का निर्देश दिए गए थे। उन्होंने बताया कि कॉनफैड द्वारा प्रकरण की प्रभावी पैरवी करवाने के फलस्वरूप माननीय न्यायालय का निर्णय कॉनफैड के पक्ष में आया, जिसके बाद जमीन को कब्जा मुक्त करवाया गया। जयपुर शहर की प्राइम लोकेशन पर स्थित इस जमीन का उपयोग अब कॉनफैड द्वारा किया जा सकेगा।

दौसा में 220 केवी जीएसएस पर की एयर रेड मॉक ड्रिल

# आपातकालीन स्थिति में बचाव, राहत एवं आवश्यक व्यवस्थाओं के उपायों को जांचा




### जिला कलक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने मौके पर पहुंचकर मॉक ड्रिल का जायजा लिया

राजस्थान की राजनीति

**दौसा (विष्णु आशीर्वाद)।** केन्द्रीय गृह मंत्रालय के निर्देशानुसार यहां सेंथल मोड़ के समीप स्थित 220 केवी जीएसएस पर बुधवार को सायं 4 बजे एयर रेड मॉक ड्रिल का सफल आयोजन किया गया। इस दौरान आपातकालीन स्थिति में बचाव, राहत एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं के उपायों को जांचा गया।

जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के 220 केवी जीएसएस कार्यालय से जिला कलक्ट्रेट स्थित सिविल डिफेंस कंट्रोल रूम पर जीएसएस पर 'हवाई हमला' होने की सूचना मिली। कंट्रोल रूम कार्मिकों ने इसके बारे में तुरंत कंट्रोलर (जिला कलक्टर) देवेन्द्र कुमार को बताया, जिनके निर्देशानुसार सभी संबंधित विभागों को 'हमले' की सूचना देकर 'दुर्घटना स्थल' पर पहुंचने को कहा गया और सायरन बजाकर नागरिकों को सचेत किया गया।

सूचना मिलते ही जिला प्रशासन, चिकित्सा दल, एम्बुलेंस, नगर परिषद कार्मिक, सिविल डिफेंस, एसडीआरएफ, रसद विभाग, पुलिस, अग्निशमन विभाग सहित संबंधित सभी विभाग तुरंत जरूरी संसाधनों के साथ मौके पर पहुंचे और राहत एवं बचाव के लिए रेस्क्यू अभियान शुरु किया। अग्निशमन विभाग ने आग बुझाने वाले वाहनों एवं अन्य उपकरणों के साथ पहुंचकर 'हमले' से हुई 'आगजनी' पर काबू पाया। सिविल डिफेंस स्वयंसेवकों ने घायल हुए नौ लोगों को इलाज के लिए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से घटना स्थल पर बनाए आपातकालीन अस्पताल पहुंचाया। यहां चिकित्सकों ने सभी की जांच कर उपचार शुरु किया। तीन मामूली घायलों को यहीं भर्ती कर इलाज किया, जबकि गंभीर रूप से घायल तीन जनों को जिला अस्पताल रैफर किया गया और तीन जनों को 'मृत' घोषित किया गया। इस दौरान एनसीसी और स्काउट गाइड विद्यार्थियों ने आपात स्थिति में निपटने में विशेष मदद की।

जिला कलक्टर देवेन्द्र कुमार एवं जिला पुलिस अधीक्षक सागर ने मौके पर पहुंचकर मॉक ड्रिल की कार्यवाही एवं व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने पूर्वाभ्यास के प्रति संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि सभी विभागों ने त्वरित रिस्पॉन्स के साथ बेहतर समन्वय कर आपातकालीन स्थिति से निपटने का अच्छा प्रयास किया। उन्होंने बताया कि इस दौरान हवाई हमले की चेतावनी प्रणाली, हॉट लाइन/रेडियो लिंक, नियंत्रण कक्षों की कार्यप्रणाली, मेडिकल, रसद और अग्निशमन जैसी व्यवस्थाओं का मॉक ड्रिल किया गया। इस दौरान, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी नरेन्द्र कुमार मीणा, अतिरिक्त जिला कलक्टर रामस्वरूप चौहान, अतिरिक्त जिला कलक्टर लालसोट मनमोहन मीणा, दौसा उपखण्ड अधिकारी मूलचंद लूणिया, दौसा पुलिस उपाधीक्षक रवि शर्मा सहित प्रशासन, पुलिस, जयपुर विद्युत वितरण निगम, शिक्षा विभाग, सिविल डिफेंस अधिकारी, एनसीसी, एनएसएस, एनवाईकेएस प्रतिनिधि मौजूद थे।

# बलात्कार के झूठे मुकदमे रचकर युवकों से उगाही करने वाला अंतरराज्यीय गैंग को दबोचा

### मुख्य सरगना चन्द्रपाल उर्फ चिराग समेत तीन महिलाएं गिरफ्तार

### होटलों को बना रखा था अपराध का अड्डा, युवकों को फंसा कर मांगी जाती थी मोटी रकम, महुवा थाने की टीम ने रची जवाबी रणनीति, पर्दाफाश के साथ नकदी व मोबाइल जब्त

राजस्थान की राजनीति



**दौसा (विष्णु आशीर्वाद)।** दौसा जिले के महुवा थाना पुलिस ने बुधवार कोएक ऐसे अंतरराज्यीय संगठित गिरोह का पर्दाफाश कर सनसनी फैला दी है, जो युवकों को अपने जाल में फंसा कर बलात्कार के झूठे मुकदमे दर्ज कराने की धमकी देकर मोटी रकम वसूलता था। गिरोह का मुख्य सरगना चन्द्रपाल उर्फ चन्द्रवीर उर्फ चिराग के साथ इस कार्य में लि लि लिप्त पाई गईतीन महिलाओं को पुलिस ने गिरफ्तार कर पुलिस ने इस गिरोहकी साजिश का अंत किया है। दिल्ली, हरियाणा और उत्तर प्रदेश की इन महिला अपराधियों के साथ मिलकर यह गैंग सोशल मीडिया व अन्य माध्यमों से युवकों को फांसता था और होटल में बुलाकर ब्लैकमेलिंग की सुनियोजित पटकथा रचता था। पुलिस ने गैंग से घटना में प्रयुक्त तीन एंड्रॉयड मोबाइल फोन व पीड़ित से अवैध वसूले गए तीन हजार रुपये बरामद किए हैं। महुवा थाना प्रभारीसीआई राजेन्द्र कुमार मीना के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने इस कार्रवाई को अंजाम दिया जिसे जयपुर रेंज के आईजी अजयपाल लांबा, दौसा एसपी सागर राणा और एएसपी गुरुशरण राव द्वारा निर्देशित किया गया था। यह कार्रवाई उस समय संभव हुई जब खावदा निवासी राजवीर गुर्जर नामक युवक ने हिम्मत दिखाते हुए 6 मई को महुआथाने में शिकायत दर्ज कराई कि एक संगठित गिरोह ने उसे झूठे बलात्कार केस में फंसाने की धमकी देकर दो लाख रुपये की मांग की है। पीड़ित के अनुसार, आरोपी राजेन्द्र गुर्जर और महिला सविता उर्फ प्रीति ने उसे महुवा बुलाकर मूनलाइट होटल में रुकवाया, जहां गिरोह के अन्य सदस्य शबाना खातून, प्रेमवती और मुख्य सरगना चन्द्रपाल मौजूद थे। वहां उसे फंसाने के लिए साजिश के तहत एक महिला के माध्यम से शारीरिक संबंध की सहमति ली गई और बाद में बलात्कार का झूठा आरोप लगाकर ब्लैकमेल किया गया। डर और धमकी से परेशान होकर पीड़ित ने पुलिस से संपर्क किया और फिर पूरी योजना पर पानी फेरते हुए टीम ने 5 मई को होटल से सभी आरोपियों को रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। जांच में यह भी सामने आया कि यह गिरोह पूर्व में भी अवध होटल महुवा में ईशु नामक महिला के जरिए एक युवक को झूठे बलात्कार केस में फंसा चुका था और उससे मोटी रकम वसूल चुका था। यह गैंग विभिन्न राज्यों से आई महिलाओं के माध्यम से नाम, पहचान और पते बदलकर अपना जाल फैलाता था। सोशल मीडिया, कॉल्स व स्थानीय दलालों के जरिये शिकार को ढूंढते थे और फिर होटल में मिलवाकर वीडियो, ऑडियो या अन्य साक्ष्य बना उन्हें फंसाते थे। पुलिस अब गिरफ्तार किए गए मुख्य सरगना चन्द्रपाल के आपराधिक इतिहास की गहराई से जांच कर रही है। वहीं गिरोह से जुड़े अन्य संभावित सहयोगियों की भी पहचान की जा रही है। इस संगठित गिरोह की गतिविधियों के चलते महुवा क्षेत्र के होटल संचालकों को विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए हैं और चेतावनी दी गई है कि यदि किसी होटल की भूमिका संदिग्ध पाई गई तो विधिसम्मत कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## सीमा सड़क संगठन द्वारा सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण देश की 1 हजार 900 करोड़ रुपए निवेश की 50 बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का ऑनलाइन लोकार्पण, राजस्थान से जुड़ी विशिष्ट परियोजनाएं भी सम्मिलित, लोकार्पण में राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने भी ऑनलाइन भाग लिया

## देश की सुरक्षा की दृष्टि से 50 सामरिक बुनियादी ढांचा परियोजनाएं महत्वपूर्ण - राज्यपाल

राजस्थान की राजनीति

**जयपुर।** देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को सीमा सड़क संगठन के 66 वें स्थापना दिवस पर सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण देश की 50 महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को ऑनलाइन देश को समर्पित किया। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे भी इस दौरान राजभवन से ऑनलाइन उपस्थित हुए। इन परियोजनाओं में सीमा पाए सड़क की दो परियोजनाएं राजस्थान की भी सम्मिलित है। राज्यपाल बागडे ने सीमा सड़क संगठन के स्थापना दिवस की बधाई देते हुए संगठन द्वारा लगभग 1 हजार 900 करोड़ रुपए निवेश की देश की सुरक्षा की दृष्टि से विशिष्ट इन परियोजनाओं को राष्ट्र के लिए महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि सीमा पर सड़कों, पुलों और अन्य बुनियादी ढांचों के निर्माण से राष्ट्र की सीमाओं को और सशक्त, सुरक्षित रखा जा सकेगा।




राज्यपाल बागडे ने कठिन कार्यदशाओं के बावजूद सीमा सड़क संगठन द्वारा अपनी क्षमताओं को निरंतर मजबूत करने की भी विशेष रूप से सराहना की। राज्यपाल के सचिव डा. पृथ्वी भी इस दौरान उपस्थित रहे।

### ऑपरेशन सिंदूर की सराहना, राष्ट्र की सेना के शौर्य को

### नमन

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत की गई कार्यवाही के अंतर्गत भारत की सेना के शौर्य को भी नमन किया। उन्होंने कहा कि आतंकियों के हौसले को पस्त करने के लिए राष्ट्र की सेना ने नागरिकों के ठिकानों को प्रभावित किए बगैर सटीक, सतर्क और संयमित कार्यवाही की है।

## प्रशिक्षु आईएएस अधिकारियों ने मुख्य सचिव से की मुलाकात



राजस्थान की राजनीति

**जयपुर।** मुख्य सचिव सुधांश पंत ने प्रशिक्षु अधिकारियों से कहा कि भारतीय प्रशासनिक सेवा आपको राष्ट्र की सेवा करने का अवसर देती है। प्रशासनिक अधिकारियों को मेहनत, सकारात्मक दृष्टिकोण, संवेदनशीलता एवं पूर्ण ईमानदारी के साथ कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि आमजन की मदद करना आपकी प्राथमिकता होनी चाहिए। भारतीय प्रशासनिक सेवा.2024 बैच के 14 प्रशिक्षु अधिकारियों ने बुधवार को शासन सचिवालय में मुख्य सचिव सुधांश पंत से मुलाकात की। पंत ने प्रशिक्षु अधिकारियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी। संवाद के दौरान उन्होंने प्रशिक्षु अधिकारियों के साथ अपनी ट्रेनिंग से जुड़े अनुभव भी साझा किए। मुख्य सचिव ने कहा कि प्रशासनिक अधिकारियों को निरंतर सीखने की जिज्ञासा बनाए रखनी चाहिए। जनसाधारण के जीवन को अधिक सहज और समृद्ध बनाने के लिए उन्हें निरंतर नई संभावनाओं और नवाचारों के लिए तत्पर रहना चाहिए। पंत ने कहा कि प्रशिक्षण के दौरान अपनी अवलोकन क्षमता से प्रशासनिक दक्षता प्राप्त करें, अभी आप जो सीखते हैं वह जीवन भर आपके काम आता है। उन्होंने आमजन की सेवा के लिए लोगों से अधिक से अधिक जुड़ने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि ईश्वर ने आपको प्रदेश के विकास में योगदान देने का एक महत्वपूर्ण अवसर प्रदान किया है 7 इसे ईमानदारी और प्रतिबद्धता से सिद्ध करें। इस अवसर पर अतिरिक्त महानिदेशक, एच.सी.एम. रीपा, श्रीमती शैली किशनानी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## फलौदी जिले में भूमि पंजीयन में गड़बड़ी पर पटवारी निलम्बित, 2 तहसीलदारों के खिलाफ कार्रवाई के लिए राजस्व मंडल को अनुशंषा

राजस्थान की राजनीति

**जयपुर।** राजस्थान पत्रिका में गत 2 मई को प्रकाशित खबर ''राजस्थान के फर्जी किसान प्रमाण पत्र से महाराष्ट्र में जमीन खरीदने का खेल'' के संबंध में फलौदी जिला कलक्टर से प्राप्त तथ्यात्मक रिपोर्ट के अनुसार फलौदी जिले की सेतरावा तहसील के रामसर ग्राम में 39 दस्तावेज श्रीमती किरण सिंगारिया, तत्कालीन उप पंजीयक सेतरावा के कार्यालय में पंजीबद्ध हुए। उप पंजीयक कार्यालय में दस्तावेजों को बाहरी राज्यों (अधिकांशतः महाराष्ट्र) के व्यक्तियों के नाम पंजीबद्ध करवाये गये हैं। सभी खरीदार दस्तावेज खास मुख्त्यारनामा के आधार पर पंजीबद्ध किये जाने से खरीदार स्वयं उप पंजीयक कार्यालय में पेश नहीं हुए हैं। इन पंजीबद्ध दस्तावेजों का नामान्तरण चेतनराम, पटवारी कलाऊ द्वारा दर्ज किया गया।

राजस्व विभाग के उप शासन सचिव हरि सिंह मीना ने बताया कि पंजीकृत बेचनानामे के आधार पर भूमि का नामान्तरणकरण क्रेता के पक्ष में पटवारी द्वारा दर्ज किया गया। नामान्तरण पश्चात 39 व्यक्तियों को कृषि भूमि का कृषक व खातेदार होने का भूमि / किसान प्रमाण पत्र चेतनराम पटवारी व श्रीमती किरण सिंगारिया के द्वारा हस्ताक्षरित कर जारी किया गया। इसी प्रकार 292 दस्तावेज और पंजीबद्ध करवाये गये जिनका नामान्तरण भी चेतनराम, पटवारी कलाऊ/भींवसागर द्वारा दर्ज किया गया तथा नामान्तरण पश्चात 329 व्यक्तियों को चेतनराम, पटवारी व तत्कालीन तहसीलदार बाबूलाल के द्वारा हस्ताक्षरित भूमि/किसान प्रमाण पत्र जारी किया गया। पंजीकृत क्रय पत्र में भूमि का क्षेत्रफल या रकबे के लिए राजस्थान में प्रचलित मानक माप यूनिट अर्थात बीघा, बिस्वा, हैक्टेयर, हेयर या एकड़ में ही वर्णित होना आवश्यक है, गज/वर्गगज/फीट/वर्गफीट अथवा मीटर/वर्गमीटर आदि माप ईकाईयां कृषि भूमि के प्रयोजनार्थ मानक माप ईकाईयां नहीं है। प्रकाशित खबर के अनुसार राज्य के फलौदी सहित अन्य जिलों में महाराष्ट्र या अन्य राज्य के लोगों द्वारा लघु क्षेत्रफल की भूमि जो कृषि योग्य की श्रेणी में नहीं आती है, की रजिस्ट्री करवाकर नामान्तरणकरण के बाद भूमि/किसान प्रमाण पत्र प्राप्त कर लिये गये हैं, जो राजस्व नियमों के विपरीत है। पंजीयन दस्तावेजों द्वारा क्रेतागण के प्रत्येक पक्ष में 43 वर्ग फीट कृषि भूमि अन्तरित हुई हैं। इतने कम रकबे में सद्भावी तौर पर कृषि कार्य किया जाना व्यवहारिक रूप से सम्भव नहीं है। ऐसे बेचान दस्तावेजों के आधार पर नामान्तरकरण दर्ज किया जाकर भूमि/किसान प्रमाण पत्रों में क्रेतागण को कृषक व खातेदार होने का प्रमाणन किया गया है जो अनुचित है क्योंकि इस प्रकार के भूमि / किसान प्रमाण पत्र जारी किये जाने का राजस्व नियमों में कोई प्रावधान नहीं है। प्रकरण में प्रथम दृष्टया दोषी उक्त तीनों राजस्व अधिकारियों / कार्मिकों में से चेतनराम, पटवारी, तहसील सेतरावा को तत्काल प्रभाव से निलम्बित कर दिया गया है तथा दोनों तहसीलदारों को निलम्बित कर उनके विरूद्ध नियमानुसार अनुशासनिक कार्रवाई करने हेतु निबन्धक राजस्व मण्डल अजमेर को निर्देशित कर दिया गया है। इसके अतिरिक्त नियम विरूद्ध जारी भूमि / किसान प्रमाण पत्रों की जाँच कर उनको निरस्त करने तथा भविष्य में इस प्रकार के प्रमाण पत्र जारी नहीं किये जाने के संबंध में प्रदेश के सभी जिला कलक्टर एवं राजस्व मण्डल को निर्देश प्रदान कर दिये गये हैं। जोधपुर संभाग के अन्य जिलों एवं बीकानेर जिले से प्रकाशित खबर के संबंध में तथ्यात्मक रिपोर्ट आना अपेक्षित है। तथ्यात्मक रिपोर्ट प्राप्त होने पर अनियमितता पाये जाने पर राज्य सरकार द्वारा दोषी राजस्व अधिकारियों/कार्मिकों के विरूद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## बाड़मेर जिले में रेलवे स्टेशन पर हवाई हमले की मॉक ड्रिल, आपातकालीन स्थिति में बचाव, राहत एवं आवश्यक व्यवस्थाओं के उपायों को जांचा, जिला कलक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने मौके पर पहुंचकर मॉक ड्रिल का जायजा लिया



राजस्थान की राजनीति

**जयपुर।** केन्द्रीय गृह मंत्रालय के निर्देशानुसार बाड़मेर शहर में रेलवे स्टेशन पर बुधवार को सायं 4 बजे एयर रेड मॉक ड्रिल का सफल आयोजन किया गया। इस दौरान आपातकालीन स्थिति में बचाव, राहत एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं के उपायों को जांचा गया। बाड़मेर रेलवे स्टेशन से जिला कलक्ट्रेट स्थित सिविल डिफेंस कंट्रोल रूम पर जीएसएस पर 'हवाई हमला' होने की सूचना मिली। कंट्रोल रूम कार्मिकों ने इसके बारे में तुरंत कंट्रोलर (जिला कलक्टर) टीना डाबी को बताया, जिनके निर्देशानुसार सभी संबंधित विभागों को तुरंत 'हमले' की सूचना देकर 'घटना स्थल' पर पहुंचने को कहा गया और सायरन बजाकर नागरिकों को सचेत किया गया। सूचना मिलते ही जिला प्रशासन, चिकित्सा दल, एम्बुलेंस, नगर परिषद कार्मिक, सिविल डिफेंस, एसडीआरएफ, रसद विभाग, पुलिस, अग्निशमन सहित संबंधित सभी विभाग तुरंत जरूरी संसाधनों के साथ मौके पर पहुंचे और राहत एवं बचाव के लिए रेस्क्यू अभियान शुरु किया। जिला कलक्टर टीना डाबी मॉक ड्रिल के बाद जिला अस्पताल पहुंची, जहां उन्होंने इमरजेंसी वार्ड सहित अन्य वार्डों का दौरा किया और यहां की चिकित्सा व्यवस्थाओं की समीक्षा की।

चिंतन

## ऑपरेशन सिंदूर से आतंक पर भारत का करारा प्रहार

भारत ने पाकिस्तान स्थित आतंकी गुटों के नौ ठिकानों को ध्वस्त करके पहलगाम आतंकी हमले का बदला ले लिया है। हमारी सेना ने ऑपरेशन सिन्दूर के जरिये अपना शौर्य दिखाया और पाकिस्तान की सीमा में घुसे बगैर पिन प्वाइंट करके टार्गेट पर सटीक हमला किया। ये हमले पीओके और पाकिस्तान स्थित आतंकी अड्डों पर किए गए। इनमें कई आतंकियों की जान भी गई है। भारत ने इस सैन्य ऑपरेशन से आतंकी गुटों और इसके सरपरस्तों को करारा जवाब दिया है कि वे भारत पर हमला करके बच नहीं सकते हैं। नया भारत शांति के पुजारी के साथ-साथ दुश्मनों को नेस्तनाबूद करने की क्षमता भी रखता है। 22 अप्रैल को पहलगाम में आतंकियों ने निहत्थे बेकसूर पर्यटकों के समूह पर धर्म पूछकर हिंदुओं पर हमला किया, जिसमें 26 पर्यटक व एक स्थानीय नागरिक मारे गए। इस हमले की जिम्मेदारी प्रतिबंधित आतंकी गुट द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) ने ली। टीआरएफ पाकिस्तान स्थित आतंकी गुट लश्करे तैयबा का छद्म गुट है। इससे साफ हो गया था कि पहलगाम में टीआरएफ के आतंकी हमले पाकिस्तान स्थित आतंकी गुटों की करतूत है। पाकिस्तान में लश्करे तैयबा, जैश ए मोहम्मद, हिजबुल मुजाहिदीन जैसे आधा दर्जन आतंकी गुट पाकिस्तान एटाब्लिशमेंट की सरपरस्ती में भारत में आतंकी हमले में लिप्त है। पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने आतंक की नस काटने के लिए अनेक कदम उठाए। सिंधु जल संधि को निलंबित किया, चिनाब का पानी रोका, अटारी व वाघा सीमा को बंद किया, पाकिस्तान के नागरिकों को भेजा, पाक उच्चायोग में कर्मियों की संख्या 30 तक सीमित की, ट्रेड पूरी तरह बंद किया, हवाई क्षेत्र बंद किए, पाक के यूट्यूब चैनल ब्लॉक किए गए। इसके बाद आखिर में सेना ने पाक स्थित आतंकी अड्डों को एयर स्टाइक करके नेस्तनाबूद किया। इस दौरान भारत ने ध्यान रखा है कि पाक के सामान्य नागरिकों, पाक फौज के क्षेत्र और पाक के सरकारी प्रतिष्ठानों को कोई नुकसान नहीं पहुंचे। इसके बाद से बौखलाया पाकिस्तान सीमा पार से एलओसी पर लगातार सीज फायर का उल्लंघन कर गोलीबारी कर रहा है, जिसमें करीब 15 भारतीय नागरिक मारे गए हैं, भारत इस गोलीबारी का मुंहतोड़ जवाब दे रहा है। देश इस वक्त हाई अलर्ट पर है और पाकिस्तान के किसी भी दुस्साहस के लिए तैयार है। भारत आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई हमेशा जारी रखेगा और आतंक के आकाओं का खात्मा करता रहेगा। ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान स्थित पीओके में मुजफ्फराबाद स्थित लश्कर के सवाई नाला ट्रेनिंग सेंटर, सैयदना बिलाल कैंप, कोटली का लश्कर का गुरपुर कैंप, अब्बास कैंप, भिम्बर का बरनाला कैंप, सियालकोट का सरजल कैंप व हिजबुल महमूना जाया कैंप, मुरीदके का मरकज तैयबा कैंप, बहावलपुर में जैश का हेडक्वार्टर मस्जिद सुभान अल्लाह जैसे अहम आतंकी ठिकानों को ध्वस्त करके दहशतगर्दी के ढांचे की कमर तोड़ी गई है। आतंक के इन्हीं अड्डों से भारत के खिलाफ आतंकवादी कुकृत्यों को अंजाम दिए जाते रहे हैं। विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने कहा कि सेना ने पाकिस्तान में आतंकी ढांचे को नष्ट करने और भविष्य में ऐसे किसी हमले को रोकने के लिए 'नपी-तुली, टकराव को न बढ़ाने वाली, संतुलित और जिम्मेदाराना' कार्रवाई की। भारत ने आतंकियों को कड़ा सबक सिखाया है। भारत ने मिसाइल हमले कर बता दिया है कि हमारा दायरा सीमित नहीं है, आतंक के खिलाफ हम कहीं भी कार्रवाई कर सकते हैं।

# आतंक के आकाओं को सिखाया सबक



ऑपरेशन सिंदूर

विकेश कुमार बडोला

भारतीय सेना ने स्पष्ट किया है कि उन्होंने ये हमले केवल और केवल उन आतंकी ठिकानों पर किये हैं जो पहलगाम समेत भारत के अन्य क्षेत्रों पर किये जाते रहे आतंकी हमलों के मुख्यालय के रूप में कार्यरत थे। सेना ने अपने आधिकारिक वक्तव्य में यह भी स्पष्ट किया है कि भारत ने अपनी कार्रवाई में पाकिस्तान गणतंत्र के किसी भी राजनीतिक, सैन्य या अन्य आधिकारिक प्रतिष्ठान पर हमला नहीं किया है। सेना और भारतीय शासन के माध्यम से इस कार्रवाई के बारे में दुनिया के उत्तरदायी देशों और संस्थाओं को भी यथासंभव माध्यम से सूचित कर दिया गया है। हमले के चलते पाकिस्तान ने अपने लाहौर व सियालकोट दोनों एयरपोर्ट का परिचालन बंद कर दिया है।

पहलगाम नरसंहार के बाद भारतवर्ष के समक्ष अपनी लोकतांत्रिक और सर्वोपरि सैन्य अस्मिता की रक्षा करने की चुनौती थी, जो उसने अपनी वायु सेना के अदम्य पराक्रम की सहायता से मंगलवार-बुधवार की मध्यरात्रि के बाद एक बजे पाकिस्तान तथा उसके कब्जे वाले कश्मीर के नौ ठिकानों पर हवाई हमला करके समाप्त कर दी। जिन क्षेत्रों पर प्रक्षेपास्त्र अस्त्र छोड़े गये हैं वे बहावलपुर, कोटली और मुजफ्फराबाद में स्थित हैं। यही वे ठिकाने हैं जहां से भारत पर आतंकी हमलों का षड्यंत्र किया जा रहा था और यहीं से प्रमुख आतंकवादियों द्वारा आतंकी हमलों के आदेश दिये जा रहे थे। हालांकि पाकिस्तान अखबार डॉन के अनुसार इस हमले में 3 लोगों की मौत हुई है और 12 लोग घायल हुए हैं।

दूसरी ओर कल रात के प्रतिशोधपरक हमले के बाद भारतीय सेना ने स्पष्ट किया है कि उन्होंने ये हमले केवल और केवल उन आतंकी ठिकानों पर किये हैं जो पहलगाम समेत भारत के अन्य क्षेत्रों पर किये जाते रहे आतंकी हमलों के मुख्यालय के रूप में कार्यरत थे। सेना ने अपने आधिकारिक वक्तव्य में यह भी स्पष्ट किया है कि भारत ने अपनी कार्रवाई में पाकिस्तान गणतंत्र के किसी भी राजनीतिक, सैन्य या अन्य आधिकारिक प्रतिष्ठान पर हमला नहीं किया है। सेना और भारतीय शासन के माध्यम से इस कार्रवाई के बारे में दुनिया के उत्तरदायी देशों और संस्थाओं को भी यथासंभव माध्यम से सूचित कर दिया गया है। जिन पाकिस्तानी क्षेत्रों पर हमला हुआ है चूंकि वे लाहौर व सियालकोट एयरपोर्ट के समीप हैं अतः पाकिस्तान ने अपने इन दोनों एयरपोर्ट का परिचालन बंद कर दिया है।

हमले की प्रतिक्रिया में पाक प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने कहा है कि भारत ने पाकिस्तान के पांच स्थानों पर हमला किया है और वे इसका करारा जवाब देंगे। उनके अनुसार उन पर जंग थोपी जा रही है। दोनों देशों के बीच विगत एक पखवाड़े से चली आ रही युद्ध की आशंकाओं के बाद भारत की एयर स्ट्राइक के संबंध में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने अपने अमेरिकी समकक्ष से भी बात की। इससे पहले शासन ने 6 मई को पाक के साथ भारत के संभावित युद्ध होने की स्थिति में भारत पर शत्रु देश के हमले की स्थिति में सार्वजनिक जनजीवन की सुरक्षा के दृष्टिगत एक मॉक ड्रिल यानी सुरक्षा संबंधी पूर्वाभ्यास के बारे में भारतभर में जागरुकता संदेश प्रसारित किया है। यह अभ्यास 7 मई को अपराह्न व संध्याकाल में विधिवत ढंग से पूर्ण कर लिया गया है। पहलगाम नरसंहार के बाद पाकिस्तान तथा उसके आतंकवादियों पर भारतीय जनाक्रोश के बढ़ते रहने के कारण भारत के शासन पर जिस प्रकार शत्रु देश की शरण वाले आतंकवादियों व उनके ठिकानों को खत्म करने का उत्तरदायित्व आ पड़ा था, अंततः शासन ने अपना वह उत्तरदायित्व पूर्ण कर लिया है। इससे पहले एक गणतांत्रिक देश के समीचीन उत्तरदायित्वों का निर्वाह करते हुए भारत ने पहलगाम में अपने नागरिकों की क्रूरतम हत्याओं के बाद दोषी आतंकी गिरोहों की शरणस्थली में परिवर्तित पाकिस्तान को विभिन्न मोर्चों पर दबाने व अपमानित करने के भरसक प्रयास किये। आरंभ में अटारी-वाघा सीमा बंद करने, सिंधु जल समझौता निरस्त करने, समझौते के तहत निर्धारित



पाकिस्तान के हिस्से वाली नदियों के बांधों पर पानी रोकने, पाक राजनयिकों समेत नागरिकों को भारत छोड़ने और पाक से अपने राजनयिकों व नागरिकों को वापस बुलाने, उसके साथ हर तरह का आयात-निर्यात बंद करने, डाक कूरियर और पत्राचार सेवा बंद करने, अपने हवाई क्षेत्र को उसके लिए पूर्णतः बंद करने, वहां के विवादित यूट्यूब चैनलों सहित कई ट्विटर खातों को भारत में प्रतिबंधित करने, सिनेमा खेल इत्यादि अन्य क्षेत्रों में पारस्परिक संपर्क विच्छेद करने, इत्यादि अनेक ऐसे निर्णय पहलगाम हमले में दिवंगत अपने नागरिकों के गहन प्रतिशोध को इंगित करते हुए प्रतीत हुए थे। इसके अतिरिक्त अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष, एशियाई विकास बैंक, संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा की स्थायी व अस्थायी परिषदों में पाकिस्तान को आतंक पोषण-संरक्षण की उसकी करतूतों के लिए पूरी तरह उत्तरदायी ठहराने के बाद उस पर इन ऐसी संस्थाओं द्वारा भविष्य में लगाये जा सकने वाले हरसंभव प्रतिबंध के लिए जमीन तैयार करने के लिए भी भारत ने चाकचौबंद पूर्वव्यवस्था कर दी है।

पाकिस्तान की ओर बहने वाली सभी नदियों के बांधों के पानी को रोकने जैसे निर्णय अंततः पाकिस्तान में भयंकर उथल-पुथल मचायेंगे। विगत में 2019 के आसपास भारत ने एफएटीएफ के माध्यम से पाक को उसकी आतंकी करतूतों के लिए ग्रे सूची में डालने में सफलता पाई है, लेकिन एक बार यदि वह ब्लैक लिस्ट हो जाता है, तो दुनिया की किसी भी सार्वजनिक संस्था के माध्यम से उसे कर्ज नहीं मिल सकेगा। जो देश कर्ज के बूते ही किसी तरह अपनी नैया पार लगाने की जुगत में रहा है, उसके लिये यह कार्रवाई पूरी तरह बर्बाद होने की स्थिति ही होगी। फिलहाल पाकिस्तान के साथ चीन, तुर्की और अजरबेजान के अतिरिक्त कोई अन्य देश खड़ा दिखाई नहीं दे रहा। चीन भी केवल और केवल किंचित न्यून अप्रत्यक्ष रूप में इसलिए पाक के साथ खड़े होने का आभास करा रहा है क्योंकि चीन-पाक आर्थिक गलियारे में चीन द्वारा किये गये निवेश के तहत उसकी अनेक महत्वपूर्ण संरचनाएं पाक में स्थित हैं। चीन को केवल उन संरचनाओं की चिंता है ना कि पाकिस्तान के बर्बाद होने की। अर्थ-व्यापार के लिए भारत पर अत्यधिक निर्भर चीन के लिए संभव नहीं होगा कि वह पाकिस्तान के दीर्घकालीन सैन्य हितों अथवा भारत के साथ युद्ध में उलझने वाले पाकिस्तान के प्रत्यक्ष आर्थिक-सामरिक हितों के लिए उसका सीधा साथ दे सके। तुर्की भी कहीं न कहीं अपने किसी हित के लिए पाकिस्तान के समर्थन में कूदा हुआ है, जो अंततः पाक को पूरी दुनिया में अलग-थलग पड़ा हुआ ही दिखाता है। इसके विपरीत भारत की बढ़ती आर्थिक हैसियत और लगभग हर क्षेत्र में एक गहन उत्तरदायी गणतांत्रिक देश के रूप में प्रतिबिंबित भारतीय छवि के आकर्षण में बंधकर आज रूस, अमेरिका, जापान, फ्रांस बहुत हद तक भारत के साथ हैं।

जर्मनी, इंग्लैंड, आस्ट्रेलिया, कोरिया, कनाडा, इत्यादि देश भी भारत की बढ़ते अर्थप्रभुत्व के कारण भारत के साथ ही हैं। फ्रांस के साथ तो पहलगाम नरसंहार के बाद भारत-पाक के मध्य उभरी युद्धक आशंकाओं के आलोक में भारत ने राफेल विमान खरीदने की 63000 करोड़ की डील को अंतिम रूप भी दे दिया है। रूस से भी भारत को एक मिसाइल प्रौद्योगिकी मिल चुकी है, जो शीघ्र ही भारतीय सैन्य बेड़े में सम्मिलित होगी। रूस के राष्ट्रपति पहलगाम हमले के बाद स्पष्ट रूप में वक्तव्य दे चुके हैं कि वे हर हालत में भारत के साथ हैं। जापान के रक्षा मंत्री ने भारतीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ नई दिल्ली में प्रत्यक्ष भेंटवार्ता करते हुए स्पष्ट किया है कि उनका देश भारतीय हितों के साथ खड़ा है। इन परिस्थितियों में साफ-साफ दिखाई देता है कि पाकिस्तान के साथ चाहे सैन्य युद्ध की परिस्थितियां निर्मित हों चाहे कोई अन्य तरह का तनाव, भारत का पलड़ा बहुत भारी है।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

विश्लेषण

विनोद पाठक



## पाक सेना की पकड़ से छूट रहा पाकिस्तान!

नौ मई 2023 का दिन पाकिस्तानी सेना कभी भूलेगी नहीं, उस दिन पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के समर्थकों ने पाकिस्तान में उस भ्रम को तोड़ दिया था कि वहां सेना को कोई चुनौती नहीं दे सकता। इमरान समर्थकों ने न केवल 20 से ज्यादा सैन्य और सरकारी भवनों पर हमला किया था, बल्कि रावलपिंडी में सेना के मुख्यालय में घुसकर तोड़-फोड़ की थी। तब एक तरह से पाकिस्तान की जनता का विश्वास अपनी सेना से उठ गया था। पाकिस्तानी सेना की इज्जत मिट्टी में मिल गई थी। ठीक दो साल बाद 6-7 मई की मध्यरात्रि को भी पाकिस्तान सेना भूलेगी नहीं। भारत ने पहलगाम आतंकी हमले के ठीक दो सप्ताह बाद ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से पाकिस्तान सेना के चेहरे से एक और नकाब उतार दिया है। यह स्पष्ट है कि आने वाले दिनों में पाकिस्तान सेना की और दुर्गति देखने को मिलेगी। दुनिया जानती है कि पाकिस्तान में नागरिक सरकार सिर्फ एक मुखौटा भर है। पाकिस्तान सेना ही देश को चलाती है। अपनी झूठी प्रतिष्ठा को बचाए रखने के लिए पाकिस्तान सेना केवल और केवल प्रोपेगेंडा का सहारा लेती है। 1965 के भारत-पाक युद्ध, जिसमें पाकिस्तान सेना की करारी हार हुई थी, में वो खुद को विजेता घोषित बताती आ रही है। हर वर्ष 6 सितंबर को 'रक्षा दिवस' या 'यौम-ए-दिफा' मनाती आ रही है, जबकि 1965 में तथाकथित मजबूत पाकिस्तान सेना की पोल 1971 में तब खुल गई थी, जब भारतीय सेना ने न केवल उसे पटखनी दी, बल्कि पाकिस्तान के दो टुकड़े भी करा दिए थे। 1971 भारत-पाक युद्ध के बाद पाकिस्तान सेना के जनरल जिया-उल-हक ने मार्शल लॉ लगाकर सत्ता पर कब्जा कर लिया था। साढ़े चार दशक से पाकिस्तान की जनता अपनी सेना के झूठ को सच मानकर झूम रही थी, लेकिन अब लग रहा है कि जनता का मन सेना से भर गया है। बलूचिस्तान हो या खैबर पख्तूनख्वा या पाक अधिकृत कश्मीर, हर तरफ से पाकिस्तान सेना के खिलाफ आवाजें उठ रही हैं। बलूचिस्तान और खैबर पख्तूनख्वा में सेना पर लगातार हमले हो रहे हैं। पाकिस्तानी सैनिक मारे जा रहे हैं। विद्रोह को दबाने के लिए पाकिस्तान सेना ने जुल्म की इंतहां की हुई है। जो कोई पाकिस्तान सेना के खिलाफ कुछ बोलता है, या तो वो जेल में होता है या देश छोड़कर उसे भागने पर विवश होना पड़ता है। पाकिस्तान सेना के कुछ और झूठों पर नजर डालते हैं। 2016 में उरी हमले के बाद भारतीय सेना की स्ट्राइक को पाकिस्तान सेना ने सिरे से नकार दिया था, जबकि उसे नुकसान हुआ था। 2019 में पुलवामा के बाद जब भारत ने पाकिस्तान पर एयर स्ट्राइक की तो पाकिस्तान सेना ने उसे बिना किसी नुकसान वाला बता डाला था, जबकि बालाकोट में जिस आतंकी ठिकाने पर भारतीय वायुसेना ने मिसाइल गिराई थीं, वहां चार महीने मीडिया को जाने नहीं दिया गया था। भारतीय एयर स्ट्राइक के अगले दिन पाकिस्तान वायुसेना ने जवाबी हमला किया था, जिसमें भारतीय वायुसेवा के पायलट अभिनंदन पाकिस्तान के एफ-16 लड़ाकू जहाज का पीछा करते हुए एलओसी पार कर गए थे और उनके मिग-21 बाइसन ने एफ-16 को मिसाइल से शूट कर दिया था। हालांकि, अभिनंदन का विमान भी मिसाइल लगने से क्रैश हो गया था। पाकिस्तान सेना की सोशल मीडिया टीम यह भ्रम फैलाकर अपनी जनता को उल्लू बना रही है कि उसने भारतीय वायुसेवा के लड़ाकू जहाजों को गिराया है, जबकि भारत सरकार और सेना यह साफ कर चुकी है कि सभी पायलट सुरक्षित हैं। कोई जहाज नष्ट नहीं हुआ है। दरअसल, दुनिया में एक मजाक चलता है कि सभी देशों को फौज मिली है, लेकिन पाकिस्तान में फौज को एक देश मिला है। अपने फायदे के लिए पाकिस्तान सेना शुरू से वहां आतंक को पालती आ रही है। पाकिस्तान सेना के जनरलों ने अरबों अमेरिकी डॉलर आतंकवाद के नाम पर डकारे हैं। अब पाकिस्तान सेना का बुरा समय शुरू हो गया है। जिस आतंकवाद रूपी जहरीले सांप को उसने पाला था, वही उसे डस रहा है। पाकिस्तान सेना के खिलाफ देश के भीतर से आवाजें उठ रही हैं। बलूचिस्तान और खैबर पख्तूनख्वा से बगावत के सुर बुलंद हो चले हैं। पाकिस्तान सेना को वहां के लोग ही उसका असली चेहरा दिखा रहे हैं। भारत के लिए यह सुनहरा अवसर है। भारत को चाहिए कि वो पाकिस्तान सेना की कमर तोड़ दे। ऑपरेशन सिंदूर तक न रुके। जैसा कुछ पूर्व भारतीय जनरल कह रहे हैं कि यह ऑपरेशन सिंदूर का फेस वन है। आवश्यकता पाकिस्तान सेना को हर तरीके से नुकसान पहुंचाने और बेनकाब करने की है। आतंकी पाकिस्तान सेना का फन कुचलने तक भारत को रुकना नहीं चाहिए।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## सिद्धार्थ से बुद्धत्व तक की यात्रा




संकलित

दर्शन

जन्म, संबोधि और निर्वाण- बुद्ध के जीवन की ये तीन महत्वपूर्ण घटनाएं वैशाख पूर्णिमा के दिन हुईं। यह सिद्धार्थ के बुद्धत्व तक की यात्रा है, जिसमें उन्होंने जन-कल्याण के लिए महानिर्वाण को भी त्याग दिया। बुद्ध का हृदय करुणाशील था, जैसे उनके हृदय में करुणा का सागर हिलोरें ले रहा हो। यह करुणा ही उनके सूत्रों को मानवता के कल्याण का प्रेरक बनाती है। उनका उद्देश्य केवल बाहरी दुनिया को बदलना नहीं था, बल्कि अंदर की स्थिति को बाहरी जगत से एकीकृत करना था। बुद्ध का एक प्रसिद्ध धम्मसूत्र है- मनुष्य का जीवित रहना भी दुर्लभ है, सद्धर्म का श्रवण करना भी दुर्लभ है और बुद्धों का उत्पन्न होना भी दुर्लभ है। मनुष्य होना इतना आसान नहीं है, इतना सरल नहीं है। हालांकि हमें यही लगता है कि डेढ़ अरब से अधिक जनसंख्या अकेले भारत की ही है। इसका मतलब मानव जन्म सुलभ है, तभी तो सब पैदा हो गए। पर बुद्ध ने कुछ सोच-समझकर ही ऐसा कहा होगा क्योंकि बुद्ध ऐसे व्यक्ति हैं, जो सिर्फ बोलने के लिए कोई बात नहीं बोलते, बल्कि विज्ञान, तर्क, बुद्धि, विवेक आदि का उपयोग करने के बाद ही मुख से वचन निकालते हैं। उनके कहने का अभिप्राय यह है कि सिर्फ मनुष्य का शरीर पाया तो क्या पाया, अगर मनुष्यता नहीं पाई तो मनुष्य कहां से हुआ! मनुष्य शरीर कीमती है, निश्चित ही कीमती है, लेकिन मनुष्य का शरीर मिल गया, अब और कुछ नहीं चाहिए; ऐसा नहीं है। जैसे गुलाब का बीज तुम्हारे हाथ में हो, लेकिन उस बीज को जब तक तुम धरती में नहीं डालो और वह पौधा न बने, उसमें फूल न लगें, तब तक आप उस बीज से निकलने वाले फूलों की खुशबू नहीं ले सकते।

## दुष्ट, नकारात्मक और अहंकारी से बचें



संकलित

प्रेरणा

चाणक्य का मानना था कि जीवन में बहुत से लोग होते हैं, जिनका साथ हमारे लिए हानिकारक हो सकता है। विशेष रूप से दुष्ट, नकारात्मक और अहंकारी लोग हमारी मानसिक शांति को भंग कर सकते हैं। आचार्य चाणक्य ने अपनी नीति में दुष्ट लोगों से बचने का महत्वपूर्ण सुझाव दिया है और इसके लिए उन्होंने सांप की तुलना का प्रयोग किया है। दुष्ट व्यक्ति और सांप की तुलना की जाए तो सांप बेहतर है, क्योंकि सांप एक बार डसता है, जबकि दुष्ट व्यक्ति हर कदम पर धोखा देता है। चाणक्य का मानना था कि दुष्ट व्यक्ति को पहचानना बहुत जरूरी है क्योंकि वह हमें बार-बार नुकसान पहुंचाता है। वे केवल एक बार नहीं, बल्कि हर समय हमें धोखा देने की कोशिश करते हैं। इसके विपरीत, सांप अपनी रक्षा के लिए डसता है, इसलिए हमें सांप से ज्यादा डरने की आवश्यकता नहीं है। चाणक्य का यह संदेश है कि हमें दुष्ट लोगों से हर हाल में बचना चाहिए क्योंकि उनका साथ हमारे जीवन को नष्ट कर सकता है। चाणक्य नीति में कहा गया है कि दुष्ट राजा, मित्र या शिष्य से हमें दूर रहना चाहिए, क्योंकि ये हमारे जीवन की सुख-शांति को भंग कर सकते हैं। एक दुष्ट राजा की तुलना में प्रजा कभी सुखी नहीं रह सकती। इसी तरह, एक दुष्ट मित्र या शिष्य से हमें बहुत कम लाभ मिलेगा। चाणक्य ने मूर्खों, निर्धन लोगों और वेश्याओं से भी दूरी बनाने की सलाह दी है, क्योंकि ये लोग हमेशा किसी न किसी प्रकार से हमारी प्रगति में रुकावट डाल सकते हैं।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### शादियों में दिखावा, गरीबों के लिए मुसीबत

हमारे देश में लोगों में दिखावे की भावना बहुत बढ़ गई है। लगभग हर त्योहार, सामाजिक और धार्मिक समारोहों में भी दिखावा किया जा रहा है। यह दिखावा हमारा आर्थिक नुकसान ही नहीं करवाता है, बल्कि हमारी मानसिक शांति भी भंग करता है, खास तौर पर उनके लिए यह दिखावा मुसीबत बनता है जो अपनी हैसियत से ज्यादा खर्चा करते हैं। त्योहारों के साथ-साथ अब शादियों का मौसम भी शुरू हो गया है। हमारे देश में शादी समारोह में भी फिजूलखर्ची लोक दिखावे के लिए होने लगी है। लोक दिखावे के लिए लोग अपने पैर चादर से बाहर भी पसार देते हैं। इसके कारण अनेक समस्याएं, गरीबों के सामने पैदा होती हैं। दिखावे की बढ़ती परंपरा पर रोक लगनी चाहिए।

*-विनय कुमार साहू, रायपुर*

### ट्रेंड

#### मुक्त व्यापार समझौता



ब्रिटेन के साथ ऐतिहासिक मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर करके, भारत ने एक मील का पत्थर स्थापित किया है। यह व्यापक भलाई के लिए वैश्विक सहयोग के प्रति हमारी प्रतिबद्धता पर अडिग है।

-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री

#### उत्कृष्टता केंद्रों की स्थापना



आईटीआई उन्नयन के लिए राष्ट्रीय योजना और भुवनेश्वर सहित पांच राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्रों की स्थापना को मंजूरी, कुल 60,000 करोड़ रुपये के परिव्यय से कौशल विकास पारिस्थितिकी तंत्र को गति मिलेगी।

-धर्मेंद्र प्रधान, केंद्रीय शिक्षा मंत्री


#### आतंकवाद को समाप्त करना होगा



आतंकवाद मानवता के खिलाफ है और इसे पूरी तरह से समाप्त करना ही होगा। जो लोग संवाद और बातचीत से नहीं समझते, उन्हें उनके दुष्कर्मों की सजा मिलनी ही चाहिए और उनको सबक सिखाना आवश्यक है।

- श्रीश्री रविशंकर

#### योद्धाओं को सलाम



पहलगाम आतंकी हमले का बदला लेने के लिए भारतीय सशस्त्र बलों के बहादुर योद्धाओं को गर्व के साथ सलाम। अपनी बहादुरी और सटीकता के साथ उन्होंने एक बार फिर दिखा दिया है कि हमारा देश अपनी रक्षा दृढ़ इच्छाशक्ति के साथ करेगा।

-एन चंद्रबाबू नायडू, सीएम, आंध्र प्रदेश

हिन्दी समाचार पत्र
राजस्थान की राजनीति
राजस्थान के सभी जिलों से खबरें एवं विज्ञापन कार्य हेतु प्रतिनिधि बनने के लिए सम्पर्क करें
7610866001
Email : hr.tniawaaz@gmail.com
नोट : अनुभवी एवं साफ छवि वाले व्यक्ति ही सम्पर्क करें

हिन्दी समाचार पत्र
राजस्थान की राजनीति
www.rajasthankirajneeti.com
WE ARE HIRING JOIN OUR TEAM
पूर्वी राजस्थान (दौसा, भरतपुर, करौली, धौलपुर, सवाई- माधोपुर, अलवर) के सभी विधानसभा स्तर पर संवाददाताओं की आवश्यकता सम्पर्क करें
7610866001
HINDUSTAN PATRIKA MEDIA AND BROADCASTING
A UNIT OF HAMARI PATRIKA MEDIA AND BROADCASTING (OPC) PVT. LTD. 1ST FLOOR, 18K3, PANKAJ SINGHVI MARG, NEAR RAJ. VIDHAN SABHA, JYOTI NAGAR, JAIPUR (RAJ.) MOB.: +91 7610866001, 8946840063
E-MAIL: editor.tniawaaz@gmail.com WEB.: www.tniawaaz.in www.hpnews.in

# चित्तौड़गढ़ के रावतभाटा में मॉक ड्रिल का आयोजन



राजस्थान की राजनीति

**जयपुर।** चित्तौड़गढ़ जिले के रावतभाटा परमाणु बिजली संयंत्र केंद्र में बुधवार शाम मॉक ड्रिल आयोजित की गई।

शाम 6 बजकर 30 मिनट पर न्यूक्लियर फ्यूल कॉम्प्लेक्स की आवासीय इमारत पर हमले का सायरन बजते ही जिला प्रशासन हरकत में आया। इस दौरान जिला कलक्टर आलोक रंजन एवं जिला पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी मौजूद रहे और मॉक ड्रिल के बचाव कार्य की निगरानी की।

परमाणु बिजलीघर, भारी पानी संयंत्र और नागरिक सुरक्षा विभाग की टीमों ने लोगों को सुरक्षित बाहर निकालकर रेस्क्यू ऑपरेशन सफलतापूर्वक पूरा किया। यह अभ्यास युद्ध की आपातकालीन स्थिति में तैयारी की समीक्षा हेतु किया गया। उल्लेखनीय है कि रावतभाटा देश के उन चयनित प्रथम श्रेणी शहरों में शामिल है जिन्हें युद्धकालीन दृष्टि से प्रथम श्रेणी में रखा गया है। यहाँ स्थित संवेदनशील परमाणु व ऊर्जा संस्थानों को देखते हुए यह मॉक ड्रिल विशेष महत्व रखती है।

## प्राध्यापक-विद्यालय (संस्कृत शिक्षा विभाग) प्रतियोगी परीक्षा-2024 ऑनलाइन विस्तृत आवेदन-पत्र नहीं भरने वाले 24 अभ्यर्थियों को अंतिम अवसर

राजस्थान की राजनीति

**जयपुर।** आरपीएससी द्वारा प्राध्यापक-विद्यालय (संस्कृत शिक्षा विभाग) प्रतियोगी परीक्षा-2024 के अन्तर्गत प्रदत्त अवसर के दौरान ऑनलाइन विस्तृत आवेदन पत्र नहीं भरने वाले 7 विषयों के 24 अभ्यर्थियों को इस संबंध में अंतिम अवसर प्रदान किया गया है। संबंधित अभ्यर्थी अपना ऑनलाइन विस्तृत आवेदन पत्र आगामी 9 से 12 मई (रात्रि 11.59 बजे) तक आवश्यक रूप से भर दें। इस हेतु अन्य कोई अवसर देय नहीं होगा। विस्तृत सूचना एवं संबंधित अभ्यर्थियों की सूची आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है। आयोग सचिव ने बताया कि उक्त भर्ती के अंतर्गत विज्ञापित 8 विषयों हेतु परीक्षा आयोजन उपरांत पात्रता की जांच हेतु विचारित सूचियां जारी की गई थी। इन विचारित सूचियों में सफल अभ्यर्थियों को ऑनलाइन आवेदन पत्र भरे जाने के संबंध में प्रेस नोट गत 16 एवं 23 अप्रैल को जारी कर सूचित किया गया था। इसके उपरांत भी सात विषयों की विचारित सूचियों में सम्मिलित 24 अभ्यर्थियों द्वारा ऑनलाइन विस्तृत आवेदन पत्र नहीं भरे गए। आयोग द्वारा इन अभ्यर्थियों को ऑनलाइन विस्तृत आवेदन पत्र भरने हेतु अंतिम अवसर प्रदान किया जा रहा है। संबंधित अभ्यर्थी उक्तानुसार ऑनलाइन विस्तृत आवेदन-पत्र समयांतर्गत भरना सुनिश्चित करें। पर्याप्त अवसर दिए जाने के उपरांत भी ऑनलाइन विस्तृत आवेदन पत्र नहीं भरने पर पात्रता जांच एवं परिणाम हेतु विचारित नहीं किया जाएगा।

## आरएएस भर्ती-2023 के साक्षात्कार का तृतीय चरण 19 से 28 मई तक

राजस्थान की राजनीति

**जयपुर।** आरपीएससी ने राजस्थान राज्य एवं अधीनस्थ सेवाएं भर्ती-2023 के साक्षात्कार के तृतीय चरण का कार्यक्रम जारी किया है। अभ्यर्थियों के साक्षात्कार पत्र आयोग की वेबसाइट पर यथा समय अपलोड कर दिए जाएंगे। विस्तृत सूचना आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है। आयोग सचिव ने बताया कि उक्त भर्ती के अंतर्गत साक्षत्कार के तृतीय चरण का आयोजन आगामी 19 से 28 मई तक निर्धारित कार्यक्रमानुसार किया जाएगा। साक्षात्कार में उपस्थित होने वाले समस्त अभ्यर्थी ऑनलाइन भरे गए विस्तृत आवेदन-पत्र डाउनलोड कर साक्षात्कार के समय दो प्रतियों में मय समस्त प्रमाण-पत्रों की फोटो प्रतियों सहित आवश्यक रूप से प्रस्तुत करें। साक्षात्कार के समय अभ्यर्थी स्वयं का नवीनतम पासपोर्ट साइज रंगीन फोटो, नवीनतम स्पष्ट फोटो युक्त मूल पहचान पत्र एवं समस्त मूल प्रमाण-पत्र मय फोटो प्रति के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करें अन्यथा साक्षात्कार से वंचित कर दिया जाएगा।

### जयपुर के राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान में आपातकालीन तैयारी

## मरीजों और स्टाफ की सुरक्षा के लिए ब्लैकआउट प्लान तैयार, मॉकड्रिल भी होगी



राजस्थान की राजनीति

**जयपुर।** राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, जयपुर में आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए बुधवार को एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में संस्थान के कुलपति प्रोफेसर संजीव शर्मा सहित वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में मरीजों, विद्यार्थियों और स्टाफ की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई। इसमें मेडिकल सुविधाओं का निरंतर संचालन, फायर फाइटिंग सिस्टम, ऑक्सीजन सप्लाई और एंबुलेंस सेवाओं पर विशेष ध्यान दिया गया। साथ ही दवाइयों का पर्याप्त स्टॉक, बिजली और भोजन की आपूर्ति की व्यवस्था पर भी चर्चा की गई। कुलपति प्रोफेसर संजीव शर्मा ने कहा कि संस्थान भारत सरकार के सभी दिशा-निर्देशों का पालन करेगा। उन्होंने बताया कि संस्थान का प्रत्येक सदस्य देश के साथ खड़ा है। संस्थान ने ब्लैकआउट के दौरान सुरक्षा के लिए एक विस्तृत योजना तैयार की है। इस योजना के तहत स्टाफ और विद्यार्थियों के साथ मरीजों के बचाव के लिए मॉकड्रिल का आयोजन किया जाएगा। सभी संबंधित लोगों को आपातकालीन स्थिति में की जाने वाली कार्रवाई की जानकारी दी गई है। इसके अलावा, संस्थान के सभी प्रवेश और निकासी मार्गों को साफ और व्यवस्थित रखने, आपातकालीन लाइटिंग व्यवस्था को सही बनाए रखने, और स्वास्थ्य सेवाओं के स्थिर संचालन के लिए आवश्यक उपायों पर भी चर्चा की गई। सभी चिकित्सक, कर्मचारी और विद्यार्थियों को विशेष रूप से प्रशिक्षित किया जाएगा ताकि किसी भी अप्रत्याशित घटना के दौरान वे त्वरित और प्रभावी प्रतिक्रिया दे सकें। इस बैठक के दौरान सभी संबंधित पक्षों ने सामूहिक रूप से सुरक्षा प्रोटोकॉल की समीक्षा की और आवश्यक सुधारों को प्राथमिकता दी।

# विश्वकर्मा इंडस्ट्रियल एरिया में सामूहिक पंजीकरण शिविर में 98 श्रमिकों को दिए ई-श्रम कार्ड

राजस्थान की राजनीति



**जयपुर।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर जिला, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर महानगर-प्रथम व द्वितीय के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को विश्वकर्मा इंडस्ट्रियल एरिया स्थित मजदूर चौखटी पर सामूहिक पंजीकरण शिविर का आयोजन कर 98 श्रमिकों का मौके पर ही ऑनलाईन ई-श्रम कार्ड जारी किया गया, साथ ही 44 श्रमिक कार्ड फार्म भरवाए गए एवं 180 से अधिक श्रमिक हाजिरी डायरी वितरित की गई।। श्रम विभाग, कॉमन सर्विस सेन्टर, ट्रेड यूनियन, एक्शन एड तथा आजीविका एनजीओ के सहयोग से यह शिविर आयोजित हुआ। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर जिला के सचिव श्री पवन कुमार जीनवाल तथा श्री दीपेन्द्र माथुर सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर महानगर प्रथम ने चौखटी पर उपस्थित श्रमिकों को उनके विधिक अधिकारों, श्रम विभाग की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी। जीनवाल ने बताया कि जो श्रमिक आज के शिविर में ऑनलाईन पंजीकरण से वंचित रह गए, उनके लिए 8 मई को इंडिया गेट सीतापुरा इण्डस्ट्रियल एरिया स्थित मजदूर चौखटी पर ऑनलाईन पंजीकरण शिविर का आयोजन कर श्रमिकों के ई-श्रम कार्ड जारी किये जाएगें। शिविर में श्रम विभाग की विभिन्न योजनाओं निर्माण श्रमिक शिक्षा एवं कौशल विकास योजना, निर्माण श्रमिक जीवन व भविष्य सुरक्षा योजना, सिलिकोसिस पीड़ित हिताधिकारियों हेतु सहायता योजना, हिताधिकारी की सामान्य अथवा दुर्घटना में मृत्यु या घायल होने की दशा में सहायता योजना, प्रसूति सहायता योजना, शुभशक्ति योजना, निर्माण श्रमिक सुलभ्य आवास योजना, निर्माण श्रमिक औजार /टूलकिट सहायता योजना, निर्माण श्रमिक एवं उनके आश्रित बच्चों द्वारा भारतीय/राजस्थान प्रशासनिक सेवा हेतु आयोजित प्रारम्भिक प्रतियोगी परीक्षा उत्तीर्ण करने पर प्रोत्साहन योजना एवं अन्य योजनाओं का लाभ समझाया गया। भविष्य में होने वाले ऐसे शिविरों में ऑनलाईन पंजीकरण हेतु श्रमिकों को आधार कार्ड, बैंक पासबुक तथा मोबाइल साथ लेकर मौके पर आना होगा।

# अजमेर में हिन्दुस्तान पैट्रोलियम डिपो सराधना, गेल गैस प्लांट नसीराबाद और किशनगढ़ एयरपोर्ट पर हुई मॉक ड्रिल

राजस्थान की राजनीति



**जयपुर।** अपना अजमेर हर आपात स्थिति में निपटने के लिए तैयार है। आपात स्थिति से उत्पन्न परिस्थितियों का सामना करने के लिए विभिन्न स्थानों पर मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इन स्थानों पर आग पर काबू पाने, मानव जीवन पर खतरा, मेडिकल, रिस्पॉस टाइम, सूचनाओं का सही आदान-प्रदान और तेजी से हालात पर काबू पाना जैसी ड्रिल की गई। सभी विभागों की टीमों ने अपना बेहतरीन योगदान दिया। विभागों को निर्देशित किया गया है कि अपने कामकाज को पूरी तरह चौकस रखें और हर समय तैयार रहें। जिला कलक्टर श्री लोक बन्धु के नेतृत्व में बुधवार को सराधना स्थित हिन्दुस्तान पेट्रोलियम डिपो, नसीराबाद स्थित गेल गैस प्लांट और किशनगढ़ एयरपोर्ट पर मॉक ड्रिल की गई। सभी विभागों को शाम 4 बजे मॉक ड्रिल के स्थानों की सूचना दी गई। जैसे ही सूचना मिली, सभी विभागीय अधिकारियों ने अपने मानव व अन्य संसाधनों के साथ मॉक ड्रिल के लिए निर्धारित स्थानों की ओर प्रस्थान किया। नसीराबाद स्थित गेल के गैस प्लांट पर मॉक ड्रिल में सभागीय आयुक्त श्री महेश चन्द्र शर्मा, पुलिस महानिरीक्षक श्री ओमप्रकाश तथा उपखण्ड अधिकारी श्री देवीलाल यादव ने राहत एवं बचाव कार्य की मॉनिटिरिंग की। गेल के महाप्रबंधक श्री शशि रंजन के द्वारा प्रशासन को सूचना दी गई। सूचना प्राप्त होते ही समस्त अधिकारी मौके पर पहुंचे। मॉक ड्रिल के दौरान मेकेनिकल वर्कशॉप में फंसे 19 व्यक्तियों को बाहर निकाला गया। अग्निशमन दल ने दमकल तथा फायर बॉल के माध्यम से आग बुझाई। राज्य आपदा मोचक दल द्वारा घायलों को बचाया गया। 6 गंभीर घायलों को नसीराबाद स्थित सामुदायिक चिकित्सालय भेजा गया। इसमें पुलिस विभाग ने सहयोग किया। गंभीर घायलों में से एक व्यक्ति को अजमेर मुख्यालय के चिकित्सालय में रैफर किया गया। भारत संचार निगम के दल ने केबल और मॉडेम को पुनर्स्थापित किया। बचाए गए व्यक्तियों को सेफ हाउस में रखा गया। यहां उनके लिए विश्राम एवं भोजन की व्यवस्था रखी गई। मॉक ड्रिल की ब्रिफिंग अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट श्री गजेन्द्र सिंह राठौड़ ने ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश प्रदान किए। सराधना स्थित एचपीसीएल के डिपो पर सिविल डिफेंस, मेडिकल अग्निशमन, पुलिस और प्रशासन की टीमें बहुत कम समयावधि में पहुंची। सभी ने तुरंत अपना-अपना काम करना शुरू कर दिया। अग्निशमन और प्लांट की अग्निशमन टीमों ने प्लांट पर लगी आग पर काबू पाने के लिए पानी और केमिकल की बौछार शुरू कर दी। इसी तरह सिविल डिफेंस टीम ने दुर्घटना में फंसे लोगों को बाहर निकाल कर सुरक्षित भवन में पहुंचाया। सामान्य घायलों को नजदीकी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं गंभीर घायलों को जिला अस्पताल भेजा। इसी प्रकार किशनगढ़ एयरपोर्ट पर भी मॉक ड्रिल का अभ्यास किया गया। सूचना मिलते ही समस्त विभाग आवश्यक संसाधनों के साथ मौके पर पहुंच गए। तत्काल टर्मिनल भवन को खाली करवा कर राहत एवं बचाव कार्य आरम्भ किए गए। घायलों को एम्बुलेन्स के माध्यम से चिकित्सालय पहुंचाकर उपचार किया गया। दमकलकर्मियों, एसडीआरएफ तथा एयरपोर्ट सूरक्षाकर्मियों के सम्मिलित सहयोग से आग पर काबू पाया गया। अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट श्री गजेन्द्र सिंह राठौड़ एवं उपखण्ड अधिकारी निशा सहारण ने मॉक ड्रिल की मॉनिटिरिंग की। सहायक पुलिस अधीक्षक श्री अभिषेक, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री दीपक शर्मा एवं निदेशक श्री बी. एल. मीणा मौके पर उपस्थित रहे। जिला प्रशासन ने भ्रामक सूचनाओं पर रोक के लिए मीडिया को भी वास्तविक स्थिति की जानकारी दी ताकि आमजन में किसी तरह का भय न फैलें। इसी तरह अन्य इंतजाम भी किए गए। पुलिस एवं ट्रैफिक पुलिस ने भी मोर्चा संभाला तथा सुरक्षा एवं यातायात का बेहतरीन प्रबंधन किया। इस अवसर पर जिला पुलिस अधीक्षक श्रीमती वंदिता राणा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व बचाव कार्य के लिए नियुक्त कार्मिक उपस्थित रहे।

### अजमेर में आधे घण्टे के लिए रहा ब्लैक आउट

अजमेर में बुधवार को आधे घण्टे के लिए ब्लैक आउट रखा गया। जिला कलक्टर श्री लोक बन्धु ने बताया कि बुधवार को रात्रि 7.30 बजे से 8 बजे तक आधे घण्टे का ब्लैक आउट किया गया। रात्रि 7.30 बजे सायरन की आवाज तथा अन्य वैकल्पिक माध्यमों से ब्लैक आउट आरम्भ होने की सूचना दी गई। इसमें समस्त रोड लाईटें बन्द रखी गई। आमजन ने स्वैच्छा से अपनी लाईटें बन्द कर दी। ग्रामीण क्षेत्रों में भी ब्लैक आउट के संबंध में जागरूकता देखी गई।

उन्होंने बताया कि ब्लैक आउट का उद्देश्य जन हानि को रोकने के लिए दृश्यता कम करना होता है। रात्रि के समय आबादी वाले क्षेत्रों की पहचान नहीं हो सकेगी। आपतकालीन कार्य से सम्बन्धित स्थलों में खिड़की तथा दरवाजों पर काले रंग के पर्दे अथवा फिल्म लगाकर कार्य किया गया। लाइट बंद रखने की प्रक्रिया ऑटो जेनेरेटर तथा इनवर्टर से संचालित स्थलों के लिए भी अपनाई गई। वाहन का उपयोग लेते समय ब्लैक आउट की घोषणा होते ही वाहन की हैडलाईट बंद कर चालक एक तरह खड़े हो गए। जिला कलक्टर ने ब्लैक आउट सिमुलेशन एक्सरसाईज में सहयोग करने के लिए आमजन का आभार जताया।

### जैसलमेर में सोनार दुर्ग के पास स्थित होटल वृंदा पैलेस में हुआ मॉक ड्रिल

# आग लगते ही एम्बुलेंस, फायर बिग्रेड एवं बचाव दल के साथ मौके पर पहुंचे अधिकारी

राजस्थान की राजनीति




**जयपुर।** बुधवार को जैसलमेर के सोनार दुर्ग के पास स्थित होटल वृंदा पैलेस में बुधवार को मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस दौरान मुख्य रूप से हवाई हमले की पूर्व सूचना देने के लिए चेतावनी प्रणाली को सक्रिय करने, आग लगने पर पीड़ितों के बचाव की कार्यवाही और ब्लैक आउट के निर्देशों की प्रभावी पालना करने का अभ्यास सफलतापूर्वक किया गया।

जिला कलक्टर प्रताप सिंह ने बताया कि सोनार दुर्ग के पास स्थित होटल वृंदा पैलेस में में शाम 4 बजे नागरिक सुरक्षा का पूर्वाभ्यास किया गया। मॉक ड्रिल में जिला प्रशासन के साथ नागरिक सुरक्षा, अग्निशमन, पुलिस, होमगार्ड, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, एनसीसी, एनएसएस, स्काउट गाइड, वॉलन्टियर्स सहित अन्य संगठनों ने भागीदारी की। साथ ही इस अभ्यास में राजकीय कार्मिकों के साथ ही आम लोग भी सक्रियता से जुड़े एवं अपनी अपेक्षित भूमिका निभाई।

इस दौरान किसी भवन में आकस्मिक परिस्थितियों में सुरक्षा तंत्र को सक्रिय करने के बाद किसी भवन में आग लगने पर नागरिक सुरक्षा प्रोटोकाल का जीवंत प्रदर्शन किया गया। साथ ही, आग बुझाने के साथ-साथ घायलों को एम्बुलेंस के जरिए अस्पताल पहुंचाने और बचाव कार्य के बाद निकासी योजना के तहत प्रभावितों को सुरक्षित स्थान पर ले जाने का भी अभ्यास किया गया।

जिला कलक्टर ने बताया कि मॉक ड्रिल एवं ब्लैक आउट ड्रिल के माध्यम से नागरिक सुरक्षा पूर्वाभ्यास के दौरान हवाई हमले की चेतावनी का सायरन बजाने, विभिन्न सार्वजनिक स्थलों पर माइक से आपात स्थिति की घोषणा करवाने, चेतावनी की सूचना पर आम लोगों की प्रतिक्रिया, किसी भवन विशेष के क्षतिग्रस्त होने पर सुरक्षा एवं अग्निशमन कार्यबलों द्वारा राहत तथा बचाव कार्य, अस्पताल में घायलों के इलाज, सार्वजनिक स्थानों पर भीड़ के प्रबंधन इत्यादि गतिविधियों के अभ्यास के लिए यह कार्रवाई की गई। उन्होंने बताया कि मॉक ड्रिल के समय आम लोगों को भयभीत नहीं होना चाहिए तथा संयमित व्यवहार रखना चाहिए।

जिला कलक्टर ने बताया कि इस पूरी कार्रवाई का उद्देश्य किसी भी हमले या आपात स्थिति में नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना, प्रशासन और आमजन को विकट स्थिति से निपटने के लिए प्रशिक्षित करना और इस स्थिति के आवश्यक संसाधनों की सक्रियता एवं उपलब्धता का आकलन करना है। उन्होंने जिले के समस्त नागरिकों से ब्लैक आउट मॉक ड्रिल के दौरान आपातकालीन सायरन की आवाज सुनते ही सभी निजी व सार्वजनिक संस्थानों, घरों की लाईट, रोड़ लाईट, परिवहन, इन्वर्टर, जेनेटर इत्यादि की 15 मिनट तक लाईट बंद रखकर राष्ट्रीय सुरक्षा में योगदान देने की अपील की।

# जोधपुर में आपातकालीन स्थितियों से निपटने के लिए ऑपरेशन अभ्यास को लेकर जिला प्रशासन सतर्क

राजस्थान की राजनीति

**जयपुर।** जोधपुर जिला कलक्टर गौरव अग्रवाल की अध्यक्षता में बुधवार को मारवाड़ इंटरनेशनल सभागार में ऑपरेशन अभ्यास को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य संभावित आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने के लिए जिला स्तर पर तैयारियों की समीक्षा करना और आमजन, संस्थानों एवं संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा.निर्देश प्रदान करना था।

### घटनाक्रम में आए बदलावों के दृष्टिगत और अधिक सतर्कता की आवश्यकता- जिला कलक्टर'

बैठक में जिला कलक्टर अग्रवाल ने बताया कि बीते 24 घंटों में घटनाक्रम में उल्लेखनीय परिवर्तन हुआ है जिससे यह अभ्यास और अधिक महत्वपूर्ण हो गया है। उन्होंने अधिकारियों एवं प्रतिनिधियों से स्पष्ट रूप से कहा कि किसी भी प्रकार की आपदा या आकस्मिक स्थिति में हमारा रेस्पॉन्स तत्कालए संगठित और प्रभावी होना चाहिए।

### 'ब्लैकआउट के दौरान करें ये जरूरी कार्य'

जिला कलक्टर ने निर्देश दिए कि ब्लैकआउट की स्थिति में नागरिकों को अत्यंत सक्रिय रहना होगा। उन्होंने कहा कि सायरन बजने पर सतर्क हो जाएं, यदि रात्रिकालीन सायरन बजता है तो नींद में भी सतर्क हो जाएं, शीघ्र शेल्टर लें। प्रकाश स्रोत पूरी तरह बंद रखें, घर की सभी लाइट, इनवर्टर और अन्य विद्युत उपकरण तत्काल बंद करें। जब तक क्लियरेंस या दूसरा सायरन न बजे तब तक पूर्ण अंधकार बनाए रखें। कलेक्टर ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा दो चरणों में सायरन बजाने की व्यवस्था की गई है। प्रथम सायरन दो से ढाई मिनट तक बजेगा, द्वितीय सायरन जब तक न बजे, तब तक कोई प्रकाश स्रोत चालू नहीं किया जाए। बैठक में जिला कलक्टर ने सभी विभागों, सामाजिक संगठनों और जनप्रतिनिधियों से आग्रह किया कि वे इस महत्वपूर्ण बैठक में साझा की गई जानकारी को अपने क्षेत्र, संस्थानों एवं समुदायों में अवश्य प्रसारित करें ताकि प्रत्येक नागरिक सतर्क एवं सुरक्षित रह सके। जिला कलक्टर ने कहा कि सभी सरकारी कार्यालयए शैक्षणिक संस्थान, गैर.सरकारी संगठन एवं अस्पतालों को आवश्यक संसाधनों के साथ तैयार रहना होगा।

## 20 अगस्त को होगा एनालिस्ट कम प्रोग्रामर परीक्षा-2024 का आयोजन

राजस्थान की राजनीति

**जयपुर।** आरपीएससी द्वारा एनालिस्ट कम प्रोग्रामर/उपनिदेशक (सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग) परीक्षा- 2024 की प्रस्तावित परीक्षा दिनांक में संशोधन किया गया है। परीक्षा का विस्तृत कार्यक्रम आयोग द्वारा यथा समय जारी कर दिया जाएगा। आयोग सचिव ने बताया कि संशोधित कार्यक्रमानुसार उक्त परीक्षा का आयोजन अब आगामी 20 अगस्त को किया जाएगा। पूर्व में इस परीक्षा का आयोजन 17 अगस्त को किया जाना प्रस्तावित किया गया था।

## डिप्टी जेलर प्रतियोगी परीक्षा-2024 में संशोधन का अवसर- 8 से 14 मई तक ऑनलाईन किए जा सकेंगे संशोधन

राजस्थान की राजनीति

**जयपुर।** आरपीएससी द्वारा डिप्टी जेलर प्रतियोगी परीक्षा-2024 हेतु आगामी 8 से 14 मई तक अभ्यर्थी का नाम, पिता का नाम, फोटो, जन्म तिथि व जेंडर के अतिरिक्त अन्य संशोधन ऑनलाइन किए जाने का अवसर अभ्यर्थियों को दिया गया है। इस संबंध में विस्तृत सूचना आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है। आयोग सचिव ने बताया कि आयोग द्वारा उक्त परीक्षा का आयोजन 13 जुलाई को किया जाना प्रस्तावित है। इस परीक्षा हेतु जारी विज्ञापन में उल्लेखित शर्तों अनुसार ऑनलाइन संशोधन का अवसर अभ्यर्थियों को दिया गया है। ऑनलाइन संशोधन का अवसर अभ्यर्थियों के हितार्थ सुविधा मात्र है। परीक्षा के लिए जारी विज्ञापन में उल्लेखित पात्रता की शर्तों के अनुरूप ही संशोधन मान्य होंगे। विज्ञापन की शर्तें पूर्वानुसार ही रहेंगीं। ऑफलाइन संशोधन स्वीकार नहीं किए जाएंगें।

### ऑनलाइन संशोधन के लिए शुल्क व प्रक्रिया

संशोधन चाहने वाले अभ्यर्थी को ई-मित्र/ऑनलाइन बैंकिंग के माध्यम से 500 रू. शुल्क जमा करवाना होगा। आयोग के ऑनलाइन पोर्टल https://rpsc.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध एप्लाई ऑनलाइन लिंक अथवा एसएसओ पोर्टल पर लॉगिन कर सिटीजन ऐप्स में उपलब्ध रिक्रूटमेंट पोर्टल का चयन कर संबंधित परीक्षा में ऑनलाइन संशोधन किया जा सकेगा। इस संबंध में किसी प्रकार की तकनीकी कठिनाई होने पर recruitmenthelpdesk@rajasthan.gov.in पर ई-मेल से अथवा फोन नं. 9352323625 व 7340557555 पर भी सम्पर्क किया जा सकता है।

### वांछित अहर्ता न होने पर भी आवेदन करने वाले अभ्यर्थी कर सकेंगे आवेदन विदड्रा

विज्ञापन अनुसार निर्धारित शैक्षणिक योग्यता अथवा अनुभव धारित नहीं होने के उपरांत भी ऑनलाइन आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 217 के अंतर्गत एवं आयोग की आगामी भर्ती प्रक्रिया से वंचित करने की कार्रवाई की जा सकती है। ऐसे अभ्यर्थी उक्त अवधि के दौरान अपना ऑनलाइन आवेदन प्रत्याहरित कर सकते हैं। इसके लिए एसएसओ पोर्टल पर लॉगिन कर रिक्रूटमेंट पोर्टल का चयन कर माय रिक्रूटमेंट सेक्शन के अन्तर्गत संबंधित परीक्षा के समक्ष उपलब्ध विदड्रा बटन पर क्लिक कर ऑनलाइन आवेदन प्रत्याहरित किया जा सकता है।

### राजस्थान में आज 22 जिलों में आंधी-बारिश का अलर्ट

## जोधपुर, उदयपुर, डूंगरपुर में तेज बरसात, तापमान में गिरावट, जानें- आगे कैसा रहेगा मौसम

राजस्थान की राजनीति




**जयपुर।** मौसम विभाग ने गुरुवार को 22 जिलों में आंधी-बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। बुधवार को भी उदयपुर और जोधपुर में कई स्थानों पर तेज बारिश हुई। वहीं, डूंगरपुर जिले में सबसे ज्यादा 5 इंच बारिश दर्ज हुई। बादल छाने और बारिश होने से बुधवार को शहरों में दिन का तापमान कंट्रोल में रहा। बुधवार को जोधपुर, उदयपुर, सिरोही, डूंगरपुर, कोटा, बारां, झालावाड़, चित्तौड़गढ़, भीलवाड़ा, टोंक समेत कई जिलों में बादल छाए। जोधपुर और सिरोही में दोपहर बाद तेज हवा चली। कुछ जगहों पर हल्की बारिश हुई। इससे पहले मंगलवार देर रात उदयपुर संभाग में तेज बारिश हुई। यहां कई इलाकों में 1 से लेकर 5 इंच तक पानी बरसा।

पिछले 24 घंटे के दौरान डूंगरपुर जिले के सागवाड़ा में 121MM (करीब 5 इंच) बरसात दर्ज हुई। डूंगरपुर के आसपुर में 53MM, बांसवाड़ा के घाटोल में 60, भूंगड़ा में 40, जगपुर में 39, जोधपुर के शेरगढ़ में 37, प्रतापगढ़ के धरियावद में 30, सुहागपुर में 25, बाड़मेर के सिंधड़ी में 20, राजसमंद के नाथद्वारा में 55, राजसमंद शहर में 22, खमनोर में 22, उदयपुर के सराड़ा में 48, फजालिया में 55, ऋषभदेव में 35, खेरवाड़ा में 30रूबारिश हुई। जालोर, बाड़मेर, बालोतरा और सलूंबर में भी कई जगह बारिश हुई।

उत्तरप्रदेश की राजनीति
तनी आवाज़
E-mail: tniawaz.news@gmail.com
www.hpnews.in/www.tniawaaz.in
आपकी आवाज के साथ....
www.uttarpradeshkirajneeti.com
जयपुर, गुरूवार 08 मई, 2025
हिन्दुस्तान पत्रिका
आगरा, फ़िरोज़ाबाद, मैनपुरी, मथुरा,अलीगढ़, एटा, हाथरस, कासगंज,बदायूं, बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर,औरैया, इटावा, फ़र्रूख़ाबाद, कन्नौज, कानपुर देहात, कानपुर नगर से प्रसारित

## केएम विवि के छात्र का हुआ पुलिस सेवा में चयन, कुलाधिपति सहित शिक्षकों ने दी बधाई



उत्तरप्रदेश की राजनीति

**मथुरा।** केएम विश्वविद्यालय के बीए प्रथम वर्ष के छात्र सुन्दरम का उत्तर प्रदेश पुलिस सेवा में में चयन होने पर विवि के कुलाधिपति किशन चौधरी व रजिस्ट्रार डा. पूरन सिंह, एफएलएएस के डीन डॉ धर्मराज सिंह व शिक्षकों ने उन्हें बधाई दी।

छात्र सुन्दरम का विवि के कुलाधिपति ने माला पहनाकर उत्सावर्धन करते हुए कहा कि पुलिस की सर्विस सबसे ज्यादा जिम्मेदारी वाली होती है। अतः इसका निर्वाह पूर्ण निष्ठा और ईमानदारी के साथ करना।

विवि के रजिस्ट्रार डॉ पूरन सिंह ने कहा कि यह छात्र सुन्दरम ने अपनी कड़ी मेहनत व विश्वविद्यालय के स्टाफ के मार्गदर्शन में यह सफलता प्राप्त की है, जो उसकी लगन को दर्शाता है, केएम विवि के अन्य छात्र-छात्राओं को सुन्दरम से प्रेरणा लेनी चाहिए। डीन डॉ धर्मराज सिंह ने कहा कि सुन्दरम की कड़ी मेहनत और समर्पण का ही प्रतिफल है कि उसने कम समय में इतने अच्छे परिणाम दिए।

छात्र सुन्दरम को बधाई देने वालों में मुख्य रूप सेचौधरी चरन सिंह इंटर कॉलेज के प्रबंधक पुष्पेन्द्र सिंह, डा. सुनील कुमार सिंह, डा. राजीव कुमार, डा. पीएस सोलंकी, डॉ विपिन सोलंकी, डॉ बिनय कुमार, डीन डॉ जेएस राठौर, डीन डॉ सीपी वर्मा, डीन डॉ संजीव शर्मा, डॉ मीतेन्द्र सिंह चाहर, सुमित शर्मा, शैलेंद्र शर्मा, संजू बाला, गुंजिता चौधरी, शिवानी शर्मा, आरके शर्मा, साधना कटियार, वेदवीर सिंह सहित अन्य प्रोफेसर शिक्षकों ने उज्जल भविष्य की कामना की है।

### मेट्रो स्टेशन में घुसा कुत्ता, 2 घंटे तक रही अफरा-तफरी

## कड़ी मशक्कत के बाद कुत्ते को पकड़ा गया, कुछ देर के लिए स्टेशन पर होल्ड की गई मेट्रो




उत्तरप्रदेश की राजनीति

**आगरा।** आगरा के ताजमहल मेट्रो स्टेशन पर बुधवार सुबह एक कुत्ता पहुंच गया। इसके चलते स्टेशन पर 2 घंटे तक अफरा-तफरी मची रही। बड़ी मुश्किल से कुत्ते को पकड़ा जा सका। इस दौरान कुछ देर के लिए मेट्रो होल्ड की गई।

नगर निगम के पशु कल्याण अधिकारी डा. अजय कुमार ने बताया कि कुत्ता ताजमहल स्टेशन परिसर में घुस गया था। सुबह लगभग 6 बजे कुत्ता प्लेटफार्म पर पहुंच गया। वह स्टेशन पर मौजूद यात्रियों को देखकर भौंक रहा था। उनको काटने के लिए दौड़ रहा था। मेट्रो के कर्मचारियों ने सुबह 7 बजे नगर निगम को इसकी सूचना दी गई। तब तक मेट्रो के कर्मचारी ही कुत्ते को प्लेटफार्म पर घेरे रहे।

### 9 बजे पहुंची रेस्क्यू टीम

सुबह लगभग 9 बजे नगर निगम की रेस्क्यू टीम ताजमहल मेट्रो स्टेशन पर पहुंची। इसके बाद ही उसे पकड़ा जा सका। बताया जा रहा है कि इस दौरान कुछ देर के लिए स्टेशन पर खड़ी मेट्रो को होल्ड पर रखा गया। जिससे कि कुत्ता यदि भागकर ट्रैक की ओर जाए तो कोई हादसा होने से रोका जा सके। 2 घंटे तक मेट्रो के कर्मचारी कुत्ते से परेशान रहे।

### नगर निगम ने दी मेट्रो सेवा ठप होने की सूचना

हालांकि इससे पहले नगर निगम की ओर से बताया गया था कि कुत्ता ताजमहल मेट्रो स्टेशन के ट्रैक पर चला गया था। जिसके चलते सुबह 7 बजे से 2 घंटे के लिए मेट्रो सेवाएं ठप रहीं। बड़ी मुश्किल से कुत्ते को ट्रैक से बाहर निकालने जाने का नगर निगम ने दावा किया।

हालांकि उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉरपोरेशन से जब इसकी पुष्टि की गई, तो उन्होंने मेट्रो सेवाएं ठप रहने और कुत्ते के ट्रैक पर जाने से इनकार किया। UPMRC के अधिकारियों ने नगर निगम की सूचना का खंडन किया है। उनका कहना है कि कुत्ता सुबह ताजमहल मेट्रो स्टेशन में घुस गया था। जोकि प्लेटफार्म पर लोगों को परेशान करता रहा।

### बच्चे ने पाकिस्तान मुर्दाबाद नारा लगाया, युवक ने घोंपा चाकू

## शाहजहांपुर में मासूम का हाथ कटा, भीड़ ने आरोपी को पीटकर पुलिस को सौंपा

उत्तरप्रदेश की राजनीति

**शाहजहांपुर।** पहलगाम आतंकी हमले का भारत ने मंगलवार आधी रात करारा जवाब दिया। 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत पाकिस्तान के 9 आतंकी संगठनों को नष्ट कर दिए। इसमें 100 से ज्यादा आतंकी मारे गए। भारतीय सेना की इस कार्रवाई से यूपी में जश्न का माहौल है। शाहजहांपुर में एक बच्चे ने जश्न मनाते हुए पाकिस्तान मुर्दाबाद का नारा लगाया।

यह देख दो मुस्लिम युवक भड़क गए। बच्चे पर चाकू से हमला कर दिया। इससे बच्चा घायल हुआ है। उसे अस्पताल में एडमिट कराया गया है। घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने हमलावर युवक की पिटाई कर दी। उसके बाद उसे पुलिस के हवाले कर दिया। घटना बुधवार सुबह करीब 9-45 बजे की है।

पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया है। मामले की जांच कर रही है। घायल बच्चे को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा गया है।



### अब जानिए पूरा मामला...

### पिता के साथ गल्ला मंडी आया था बच्चा

पुलिस के मुताबिक, पुवायां नवीन गल्ला मंडी में 8 साल का सुरजीत ऑपरेशन सिंदूर के बाद हिंदुस्तान जिंदाबाद और पाकिस्तान मुर्दाबाद नारे लगा रहा था। उसकी इस बात वहां मौजूद मोहीद खान नाराज हो गया। उसने अपने साथी वसीम के साथ मिलकर सुरजीत की पिटाई कर दी।

इसके बाद सुरजीत के हाथ पर चाकू घोंप दिया। जिससे वह जमीन पर गिर पड़ा। इसके बाद वहां काम कर रहे मजदूरों ने दोनों की पिटाई करते हुए पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। इसका एक वीडियो भी सामने आया है। जिसमें लोगों में झगड़ा होते हुए दिख रहा है।

### पल्लेदारी का काम करते हैं दोनों

पुलिस ने मोहीद खान और वसीम को हिरासत में ले लिया है। वहीं पुलिस ने घायल सुरजीत को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा। दोनों युवक मंडी में पल्लेदारी का काम करते हैं। नाबालिग सुरजीत धरमगदापुर गांव का रहने वाला है, जबकि आरोपी मोहीद खान कटरा बाजार थाना निगोही और वसीम खान निगोही रोड पुवाया का रहने वाला है। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर भीड़ जमा हो गई। हिंदूवादी संगठन के लोग भी आ गए। लोगों ने इस दौरान जमकर नारेबाजी की। घटना के बाद हिंदू संगठनों के कार्यकर्ता कोतवाली पहुंचे और पीड़ित परिवार के साथ कानूनी कार्रवाई की मांग की।

### आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी

प्रत्यक्षदर्शी धरमगदापुर जप्ती निवासी बबलू ने बताया, वह सब्जी मंडी में मजदूरी करते हैं। मंगलवार सुबह 9-45 बजे के करीब राम बहादुर का 9 साल का बेटा सुरजीत पाकिस्तान पर हुए हमले को लेकर खुशी जाहिर कर रहा था। सुरजीत ने हिंदुस्तान जिंदाबाद के नारे लगाए। सब्जी मंडी की दुकान पर काम करने वाले मोहीद खां ने नारे का विरोध करते हुए सुरजीत के ऊपर धारदार हथियार से चाकू से जानलेवा हमला कर दिया, जिससे सुरजीत का हाथ कट गया। मैंने मोहीद को पकड़ने की कोशिश की तो मेरे साथ भी मोहीद के साथी वसीम ने मारपीट की। मोहीद को छुड़ाकर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। पीड़ित के पिता ने कोतवाली में तहरीर देकर कानूनी कार्रवाई की मांग की। एसपी ने कहा- पाकिस्तान पर हमले को लेकर खुशी मनाने के दौरान हुआ विवाद कोतवाली प्रभारी हरपाल सिंह बालियान ने बताया- आरोपी को हिरासत में ले लिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। घायल बच्चे को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा गया है। एसपी राजेश द्विवेदी ने बताया- पाकिस्तान में हमले को लेकर विवाद की सूचना मिली थी। पाकिस्तान पर हमले को लेकर खुशी मनाने के दौरान कहासुनी हुई थी। एक बच्चे को चाकू लगा है। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## श्रीकृष्ण जन्मभूमि के पास फटा बम, सायरन बजते ही फायर ब्रिगेड पहुंची





### लोगों ने जमीन पर लेटकर बचाई जान

उत्तरप्रदेश की राजनीति

**मथुरा।(डी.के.)** बुधवार की शाम करीब 5 बजे शहर के चार प्रमुख स्थानों पर बम ब्लास्ट हुआ। इसमें डीएम ऑफिस, रिफाइनरी और श्रीकृष्ण जन्म भूमि के आसपास के दो स्थान शामिल रहे। धमाके की आवाज सुनकर लोग जमीन पर लेट गए। सायरन बजाकर लोगों को अलर्ट किया गया। लोगों ने तत्काल फायर बिग्रेड और पुलिस को सूचना दी। एसएसपी श्लोक कुमार और डीएम सीपी सिंह मौके पर पहुंचे। घायलों को तत्काल एंबुलेंस से अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टर ने इलाज कर उनकी जान बचाई। मॉकड्रिल के दौरान नागरिक सुरक्षा के अलावा पुलिस पीएसी होमगार्ड बिजली विभाग फायर ब्रिगेड स्वास्थ्य विभाग लोक निर्माण विभाग के अलावा एनसीसी,एनएसएस से जुड़े लोग शामिल हुए। उन्हें युद्ध की स्थिति में बचाव के लिए किए जाने वाले अभ्यास की तैयारी के बारे में जानकारी दी गई।

### आगरा में महाराणा प्रताप जयंती पर निकलेगी शोभायात्रा

## 9 मई को होगा कार्यक्रम, 25 झांकियां होंगी शामिल, पोस्टर का हुआ विमोचन



उत्तरप्रदेश की राजनीति

**आगरा।** आगरा में महाराणा प्रताप जयंती समारोह का आयोजन किया जाएगा। 9 मई को शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा में 25 झांकियां होंगी। इसका आयोजन शहीद नगर में चौधरी गार्डन में किया जाएगा। इस कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन बुधवार को किया गया। महाराणा प्रताप जयंती आयोजन समिति के अध्यक्ष धनवीर सिंह तोमर ने कहा कि 9 मई को निकलने वाली शोभायात्रा में दर्जनों ऊंट,10 घोड़े, चार बैंड सहित 25 झांकियां शामिल होंगी। शोभायात्रा चौधरी गार्डन से शुरू होकर भगवान परशुराम पार्क सौ फुटा तक जाएगी। इसमें संदेश दिया जाएगा कि कटोगे तो बंटोगे। महापुरुषों को श्रद्धांजलि दी जाएगी। हरिशंकर जसावत ने कहा जिन महापुरुषों ने अपना जीवन देश के लिए बलिदान कर दिया, उन्हें याद करना हमारा दायित्व है। किताबों से महापुरुषों के नाम हटा दिए गए हैं, लोग भूलते जा रहे हैं। यह हमारा फर्ज है कि युवा पीढ़ी को याद दिलाएं। महामंत्री प्रदीप सिकरवार ने कहा कि पाकिस्तान पर भारत की एयर स्ट्राइक से काफी खुशी हुई है। पहलगाम का बदला लिया गया है। इसी तरह हम भी अपने योद्धा को याद रखेंगे। हमारे योद्धाओं को याद रखना हमारी जिम्मेदारी है। एकता का संदेश देंगे। हिंदू धर्म को बचाने के लिए एकजुटता दिखाएंगे।

## रजत जयंती वर्ष में दो दिनी होगा नववर्ष मेला

### समिति की नवीन कार्यकारिणी घोषित

उत्तरप्रदेश की संवाद

**मथुरा।** नववर्ष मेला समिति की बैठक में कमलेश अरोड़ा को अध्यक्ष, प्रदीप श्रीवास्तव को महामंत्री एवं मुकेश शर्मा को मीडिया प्रभारी बनाया गया है। प्रतिवर्ष नवसंवत्सर (हिंदू नववर्ष) की पूर्व संध्या पर आयोजित होने वाले विशाल नववर्ष मेला के 25 वर्ष पूर्ण होने पर रजत जयंती वर्ष में इस बार नवसंवत्सर 2083 पर दो दिवसीय मेला आयोजित होगा।

नववर्ष मेला समिति मथुरा की मंगलवार को देर रात्रि को सरस्वती शिशु मंदिर दीनदयाल नगर में आयोजित समीक्षा बैठक में निर्णय लिया गया कि इस वर्ष नववर्ष मेला लगने के 25 वर्ष पूर्ण होने पर नवसंवत्सर 2083 मेला रजत जयंती वर्ष के रूप में मनाया जाएगा। बैठक में दो दिवसीय मेला के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह विभाग कार्यवाह डॉ0 संजय अग्रवाल ने नवीन कार्यकारिणी की घोषणा की। कार्यकारिणी में संरक्षक सुरेश चंद्र अग्रवाल करांची वाले, नारायण दास अग्रवाल जीएलए विश्विद्यालय एवं जयप्रकाश शर्मा अगरबत्ती वाले रहेंगे।

समिति का अध्यक्ष कमलेश अरोड़ा एवं महामंत्री प्रदीप श्रीवास्तव को बनाया गया है। पांच उपाध्यक्ष यादवेंद्र अग्रवाल, योगेंद्र शर्मा, डॉ0 सी0 एल0 डुल्लू, डॉ0 शैलेंद्र प्रताप सिंह एवं लोकेश गर्ग होंगे। पांच मंत्री डॉ0 दीपा अग्रवाल, योगेश आवा, रजत बाल्मीकि, अनिरुद्ध अग्रवाल एवं सुभाष सैनी होंगे। कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल सर्राफ एवं सह कोषाध्यक्ष गंगाधर अरोड़ा होगें। मीडिया प्रभारी मुकेश शर्मा, प्रचार प्रमुख विशाल रुहेला एवं सह प्रचार प्रमुख समीर बंसल होगें। दिनेश सिंह सिकरवार कार्यालय प्रमुख एवं सह कार्यालय प्रमुख देवेश कुमार होंगे।प्रतियोगिता प्रमुख हरवीर सिंह एवं सह प्रतियोगिता प्रमुख दीपेश श्रीवास्तव, योगेश एवं राजीव पाठक होंगे। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ विभाग प्रचारक अरुण पांचजन्य, विजय बंटा महानगर कार्यवाह, डॉ0 अजय शर्मा, महावीर शर्मा, राजीव कृष्ण, प्रदीप अग्रवाल, बल्देव प्रसाद अग्रवाल, जयपाल सिंह सिसोदिया, ललिता गुप्ता, राजू यादव अध्यक्ष भाजपा महानगर, राहुल गोपाल यादव, अवधेश उपाध्याय, रामदास चतुर्वेदी, नयन शर्मा, तरुण सैनी, बबीता अग्रवाल, डॉ0 सीमा मिश्रा, डॉ0 जमुना शर्मा, रामकिशन पाठक, तपेश भारद्वाज, नानक चंद्र महावर, अजय शर्मा, केशव गौड़, कान्हा यादव एवं पंकज शर्मा आदि उपस्थित रहे।





## खनन अधिकारी और फरह पुलिस की कार्यवाही, अवैध खनन करते टैक्टर जेसीबी पकड़े



उत्तरप्रदेश की राजनीति

**फरह।** गांव सलेमपुर में लंबे समय से खनन माफिया पुलिस की आंख में धूल झोंक कर कर रहे थे अवैध खनन का अवैध कारोबार। वहीं मंगलवार रात्रि में किसी ने इसकी जानकारी खनन इंस्पेक्टर अक्षय कुमार को फोन पर दी। इधर खनन इंस्पेक्टर का रात एक बजे अवैध खनन पर चला चाबुक रात के अंधेरे में छापा मार करवाई कर मिट्टी से भरे तीन ट्रैक्टर और एक जेसीबी को मौके से पकड़ लिया वहीं टैक्टर व जेसीबी के चालक अपने अपने वाहन छोड़ कर भाग खड़े हुए जिनको पुलिस के सहयोग से थाना फरह लाया गया।

### क्षेत्र में पूर्व से चल रहा है खनन

क्षेत्र में पूर्व से ही खनन का कार्य चल रहा है।खनन माफीया चौकी और थाने के समीप मिट्टी से भरे ट्रैक्टर ट्राली को फर्राटे मारते हुए ले जाते हैं।जिसकी शिकायत लगातार मुख्यालय दी जा रही थी।बीते दिन खनन अधिकारी ने संज्ञान लेकर कार्रवाई की है।

दिल्ली में हुए अंतरराष्ट्रीय सेमिनार का हिस्सा बने जितेन्द्र शर्मा

## बौद्धिक संपदा दिवस को किया गया सेलिब्रेट, संगीत और आईपी पर रखे विचार



राजस्थान की राजनीति

**जयपुर।** विश्व बौद्धिक संपदा दिवस के अवसर पर दिल्ली स्थित पीएचडी हाउस ऑडिटोरियम में आयोजित अंतरराष्ट्रीय सेमिनार में जयपुर से आए संगीत शोधार्थी और शुभ विचार संस्था के संस्थापक जीतेंद्र शर्मा ने ÷संगीत और बौद्धिक संपदा÷ विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किए। अपने संबोधन में शर्मा ने कहा कि भारत सनातन काल से बौद्धिक संपदा का जनक रहा है, जहां ऋषि-मुनियों ने तपस्या और ज्ञान के माध्यम से ऐसी संपदा का सृजन किया, जो संपूर्ण सृष्टि के कल्याण के लिए थी। उन्होंने चाणक्य को बौद्धिक संपदा का उत्कृष्ट उदाहरण बताया। उन्होंने बताया कि संगीत की रचनाएं और प्रस्तुतियां भी आपकी बौद्धिक संपदा बन सकती हैं, जिन्हें उचित रूप से आईपी राइट्स के तहत पंजीकृत कराकर कलाकार अपने कानूनी अधिकार और आर्थिक लाभ प्राप्त कर सकते हैं। शर्मा स्वयं राजस्थान विश्वविद्यालय के संगीत विभाग से शोध कर रहे हैं और पिछले दो दशकों से संगीत, नाटक और फिल्म के क्षेत्र में सक्रिय हैं। इस सेमिनार का आयोजन पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री द्वारा किया गया, जिसमें भारत सहित विभिन्न देशों से बौद्धिक संपदा क्षेत्र के शीर्ष विशेषज्ञ शामिल हुए।

कनिष्ठ लेखाकार व तहसील राजस्व लेखाकार भर्ती-2023 का मामला

## हाईकोर्ट ने मंत्रालयिक कर्मचारियों को दिया आरक्षण सही माना, याचिकाएं खारिज कीं

राजस्थान की राजनीति



**जयपुर।** हाईकोर्ट ने कनिष्ठ लेखाकार व तहसील राजस्व लेखाकार भर्ती-2023 में राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड की ओर से मंत्रालयिक कर्मचारियों को दिए गए आरक्षण की प्रक्रिया व 17 दिसंबर 2024 के परिणाम को सही माना है। साथ ही इस प्रक्रिया व आरक्षण की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं को भी खारिज कर दिया। जस्टिस समीर जैन ने यह आदेश मोहित सोनी व अन्य की याचिकाओं पर दिया। अदालत ने माना कि मंत्रालयिक कर्मचारियों को भर्ती में दोहरा आरक्षण नहीं दिया है, बल्कि यह संवैधानिक तौर पर मान्यता प्राप्त वर्टिकल श्रेणी के भीतर ही होरिजेंटल आरक्षण के एकीकरण को दर्शाता है। इस आदेश के बाद भर्ती में मंत्रालयिक कर्मचारियों के लिए आरक्षित पदों पर नियुक्ति का रास्ता साफ हो गया है। याचिकाओं में कहा कि मंत्रालयिक कर्मचारी वर्ग में जिनका चयन हुआ है, उनके सीईटी में प्रार्थियों से कम अंक हैं। उन्हें दोहरे आरक्षण का लाभ दिया है। ऐसे में कर्मचारी चयन बोर्ड ने आरक्षण की प्रक्रिया सही नहीं की है और इसके चलते ही प्रार्थी भर्ती प्रक्रिया में चयन होने से वंचित रहे हैं। इसके जवाब में कर्मचारी चयन बोर्ड की ओर से अधिवक्ता संदीप माहेश्वरी ने कहा कि सीईटी नियम-2022 के नियम 6 के तहत एमई श्रेणी के अभ्यर्थियों के लिए मानकों में छूट का प्रावधान है। बोर्ड ने डीओपी के 24 जून 2008 के परिपत्र की पालना की है और दोहरे आरक्षण का लाभ नहीं दिया है। प्रार्थियों के मुख्य परीक्षा में इन चयनित अभ्यर्थियों से कम अंक हैं और ऐसे में इनको बुलाया जाना कानूनी तौर पर गलत नहीं है।

जयपुर में मुस्लिम समाज ने एयरस्ट्राइक पर मनाया जश्न

## भारत के समर्थन में सड़कों पर उतर की आतिशबाजी, पाकिस्तान मुर्दाबाद और भारत माता की जय के नारे लगाए



राजस्थान की राजनीति

**जयपुर।** जयपुर के परकोटा क्षेत्र में मुस्लिम समाज ने भारत की एयरस्ट्राइक का समर्थन किया। बुधवार को चार दरवाजा इलाके में मुस्लिम युवा, महिलाएं और बुजुर्ग एकत्र हुए। उन्होंने पाकिस्तान मुर्दाबाद और भारत माता की जय के नारे लगाए। मुस्लिम समुदाय के लोगों ने कहा कि आतंकवाद का कोई धर्म नहीं होता। उन्होंने जम्मू-कश्मीर के पहलगांव में हुए आतंकी हमले की निंदा की। इस हमले में निर्दोष पर्यटकों की जान गई थी। स्थानीय युवाओं ने कहा कि धर्म अलग हो सकता है, लेकिन देश एक है। बुजुर्गों ने सरकार के इस कदम की सराहना की। उन्होंने कहा कि पूरा मुस्लिम समाज देश के साथ है। प्रदर्शन में शामिल लोगों ने तिरंगा हाथों में लिया। उन्होंने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ सरकार का साथ देना हर नागरिक का कर्तव्य है। जयपुर से उठा यह संदेश राष्ट्रीय एकता का प्रतीक बना। इस प्रदर्शन ने दिखाया कि भारत में सभी समुदाय आतंकवाद के विरुद्ध एकजुट हैं।

राजस्थान के 3 जिलों में स्कूलों की छुट्टी

## हाई अलर्ट के कारण 2 एयरपोर्ट बंद, राज्य सरकार ने अस्पतालों में कई कदम उठाने को कहा

राजस्थान की राजनीति




**जयपुर/जोधपुर/जैसलमेर।** पाकिस्तान पर हुई एयर स्ट्राइक के बाद राजस्थान में हाई अलर्ट जारी किया गया है। सुरक्षा कारणों से किशनगढ़ और जोधपुर एयरपोर्ट से 10 मई तक सभी फ्लाइट्स ऑपरेशन बंद किए गए हैं। वहीं, बीकानेर एयरपोर्ट बुधवार को बंद रहा। हालांकि, इंडिगो एयरलाइंस ने बीकानेर में 10 मई तक अपनी सभी फ्लाइट्स कैंसिल कर दी हैं। मौजूदा हालात को देखते हुए उत्तर-पश्चिम रेलवे ने अपने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों की छुट्टियां रद्द की हैं। बीकानेर, जैसलमेर और श्रीगंगानगर के सभी सरकारी-प्राइवेट स्कूलों और आंगनबाड़ी में आगामी आदेशों तक छुट्टियां रहेंगी। वहीं, बीकानेर और श्रीगंगानगर में सरकारी कर्मचारियों की छुट्टियां रद्द कर उन्हें मुख्यालय नहीं छोड़ने का आदेश दिया गया है। गृह विभाग ने आपदा प्रबंधन के लिए राज्य के सभी जिला कलेक्टर को दिशा-निर्देश जारी किए हैं। सभी अस्पतालों में हर प्रकार की दवाइयां और डॉक्टर उपलब्ध रखने को कहा है। ब्लड बैंक में खून की पर्याप्त मात्रा रखी जाए। सोशल मीडिया पर देश के विरुद्ध भड़काऊ पोस्ट करने और कंटेंट पर तुरंत कानूनी कार्रवाई की जाए। पर्याप्त मात्रा में खाद्य सामग्री की व्यवस्था रखी जाए। जो गांव बॉर्डर पर हैं, उन गांवों के लिए आपात योजना तैयार रखने को कहा है। अस्पताल, पावर प्लांट, तेल व गैस डिपो और पाइपलाइन, धार्मिक स्थल आदि की पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था की जाए।

1037 किलोमीटर राजस्थान सीमा एयरसील

# 24 घंटे रात-दिन राफेल, मिराज, मिग, सुखोई कर रहे कॉम्बेट पेट्रोलिंग; ब्लड बैंकों, ऑक्सीजन यूनिटों को तैयार रहने को कहा गया

राजस्थान की राजनीति

**जोधपुर/जयपुर।** ऑपरेशन सिंदूर के बाद 1037 किलोमीटर लंबे पूरे राजस्थान से लगते बॉर्डर को सील कर दिया गया है। जमीन पर बीएसएफ तो आसमान में एयरफोर्स ने अलर्ट पर है। वेस्टर्न सेक्टर के सभी एयरबेस हाई अलर्ट पर हैं। यहां से दिन रात कॉम्बेट पेट्रोलिंग की जा रही है। दूसरी ओर, जमीन पर बीएसएफ ने अपनी गश्त बढ़ा दी है। इसके लिए अतिरिक्त जवानों को तैनात किया गया है। जवान जीरो लाइन के पास यानी तारबंदी का गेट खोलकर अपनी जमीन पर गश्त कर रहे हैं। इन्हें हर संदिग्ध स्थिति से सीधे निपटने के निर्देश हैं। यानी हल्की हरकत पर भी जवानों को गोली मार देने की छूट है। एंटी ड्रोन सिस्टम भी 24 घंटे सक्रिय कर दिए गए हैं।

बीएसएफ राजस्थान फ्रंटियर आईजी एमएल गर्ग ने बताया कि सरहदी गांव खाली नहीं करवाए गए हैं। लेकिन, तैयार रहने को कहा गया है। यानी, आपात स्थिति में यहां के लोगों को तुरंत सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जा सका है। बैकअप के लिए बैरक से अतिरिक्त जवानों को बाहर निकाला गया है। दूसरी ओर, वेस्टर्न सेक्टर के पांच से ज्यादा एयरबेस से दिन रात लड़ाकू विमान उड़ान भर रहे है। बीती रात



ऑपरेशन के बाद पूरे पश्चिमी क्षेत्र में विमानों की तेज गर्जना थी। सुबह छह बजे तक विमान लैंड हो गए थे। इसके बाद सुबह दस बजे से फिर विमानों ने उड़ानें भरी।

जोधपुर, उत्तरलाई, जैसलमेर, नाल, फलौदी से दो दिन तके लिए जारी किए गए नोटम के तहत युद्धाभ्यास किया जा रहा हैं। सुखोई 30 एमकेआई विमान से घातक हथियारों के साथ पूरी सीमा की गंगानगर से लेकर रण ऑफ कच्छ तक चौकसी की जा रही हैं। इसके अलावा प्रमुख शहरों में एयर डिफेंस सिस्टम को एक्टिव कर लिया गया हैं। यानी हवाई चौकसी के अलावा यदि पाकिस्तान का कोई विमान हमारी सीमा में घुस आएगा तो उसे हवा में ही मार गिरने वाली मिसाइलों को अलर्ट कर दिया गया हैं। वहीं थल सेना पूरी तरह से अलर्ट हैं। सीमावर्ती क्षेत्रों में हर फॉर्मेशन को अलर्ट कर दिया गया हैं।

### आपात स्थिति के लिए ये निर्णय किए

उत्तर-पश्चिम रेलवे ने मौजूदा हालात को देखते हुए अपने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों की छुट्टियां रद्द कर दी हैं। उत्तर-पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक की ओर से सभी अधीनस्थ डीआरएम और अन्य विभागों के अधिकारियों को सूचना दी गई है। बताया गया है कि छुट्टी पर गए कर्मचारियों को भी बुला लिया गया है।

बॉर्डर एरिया वाले 4 जिलों श्रीगंगानगर, बाड़मेर, जैसलमेर, बीकानेर के स्कूलों में बुधवार को छुट्टी रही। संबंधित जिला कलेक्टर ने इस संबंध में आदेश जारी किए थे। कलेक्टर के आदेश पर परीक्षाएं भी स्थगित रही। वर्तमान में वार्षिक परीक्षाएं चल रही हैं।

बीकानेर और श्रीगंगानगर में सरकारी कर्मचारियों की छुट्टियां रद्द कर उन्हें मुख्यालय नहीं छोड़ने का आदेश दिया गया है। पहले से छुट्टी पर है तो उसे भी वापस काम पर लौटना होगा। पाकिस्तान की ओर से किसी तरह की जवाबी कार्रवाई की आशंका में स्कूलों में छुट्टी की गई है। एयर स्ट्राइक के कारण किशनगढ़ और जोधपुर एयरपोर्ट से तीन दिन फ्लाइट बंद रहेंगी। इन एयरपोर्ट से डेली 16 फ्लाइट्स संचालित होती है। लोगों को इसकी जानकारी दे दी गई है। बुधवार को बीकानेर एयरपोर्ट भी बंद रहा।

### ...और खुशियां भी मनी

पाकिस्तान पर की गई एयर स्ट्राइक के बाद प्रदेश भर में खुशियां मनाई गई। युवाओं, व्यापारियों और आम नागरिकों ने एकजुट होकर भारत माता की जय के नारे लगाए। लोगों ने हाथों में तिरंगा लेकर जुलूस निकाला। वंदे मातरम और हिंदुस्तान जिंदाबाद के नारों से पूरा शहर गूंज उठा। मिठाइयां बांटी गई। पटाखे भी फोड़े गए।

## ठेके पर देने के बाद भी मानसरोवर जोन में डोर टू डोर कचरा कलेक्शन की शिकायतें नहीं हुई खत्म, रोज नहीं आ रहे हूपर

राजस्थान की राजनीति




**जयपुर।** ग्रेटर निगम के मानसरोवर जोन में डोर टू डोर कचरा कलेक्शन की सर्वाधिक शिकायतें मिलने के बाद 3 माह पहले ठेके पर दी व्यवस्था चरमरा गई है। मानसरोवर जोन में ठेकेदार रवि ट्रेवल्स के हूपर घरों से कचरा कलेक्शन करने नहीं पहुंच रहे हैं। कचरा गाड़ी के नहीं पहुंचने की लगातार शिकायतें आ रही हैं। फर्म ने 3 महीने के बाद भी घरों पर रेडियो फ्रीक्वेंसी आईडेंटीफिकेशन (आरएफआईडी) कार्ड नहीं लगाए हैं।

ग्रेटर निगम ने फर्म को डोर टू डोर कचरा कलेक्शन का टेंडर देते हुए कार्ड लगाने का 2 महीने का समय दिया था। फर्म को 15 फरवरी से 15 अप्रैल तक घरों पर ट्रेवल्स कार्ड लगाने थे। इसके बाद निगम को लोगों को यूजर चार्ज वसूलने की जानकारी देने के लिए नोटिफिकेशन जारी करना था, लेकिन अब तक कार्ड ही नहीं लगे हैं। नोटिफिकेशन नहीं होने से लोगों से यूजर चार्ज भी वसूला नहीं जा सकता है। ऐसे में जहां लोगों के घरों से प्रतिदिन कचरा नहीं उठाया जा रहा। वहीं, निगम को राजस्व का भी नुकसान हो रहा है।

बता दें कि ठेकेदार फर्म रवि ट्रेवल्स को 15 फरवरी से 15 अप्रैल तक मानसरोवर जोन के 21 वार्डों के 73807 घर, 3515 कॉमर्शियल बिल्डिंग और अन्य भवनों पर रेडियो फ्रीक्वेंसी आईडेंटीफिकेशन (आरएफआईडी) कार्ड लगाने थे। इनमें 70293 घर हैं। इस तरह से 73807 यूनिट्स पर ये कार्ड लगने थे। इससे हर घर और दुकान पर आरएफआईडी कार्ड को कचरा वाहन के आने पर स्कैन करके यूजर चार्ज ऑनलाइन ही लिया जाना है। जो निगम के एकाउंट में डायरेक्ट जाएगा, लेकिन फर्म ने अब तक कार्ड लगाए ही नहीं है। ग्रेटर निगम में सातों जोन में से सर्वाधिक मानसरोवर जोन में घरों से कचरा नहीं उठने की प्रतिदिन 350 से 550 तक शिकायतें मिल रही थीं। इन शिकायतों को देखते हुए ही डोर टू डोर कलक्शन का कार्य ठेके पर दिया है।

पाकिस्तान पर एयर स्ट्राइक का जश्न

## हवामहल पर पर्यटकों और रनर्स क्लब के सदस्यों ने लगाए भारत माता की जय के नारे

राजस्थान की राजनीति

**जयपुर।** जयपुर के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल हवामहल पर आज पर्यटकों और जयपुर रनर्स क्लब के सदस्यों ने एकत्रित होकर भारतीय वायुसेना की एयर स्ट्राइक की सफलता का जश्न मनाया। यहां मौजूद लोगों ने देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत होकर भारत माता की जय के नारे लगाए।

स्थानीय लोगों और पर्यटकों ने एकजुटता दिखाते हुए राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति अपना समर्थन व्यक्त किया। जयपुर रनर्स क्लब के सदस्यों ने इस अवसर पर तिरंगा लहराया और राष्ट्रगान का गायन किया। हवामहल की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि में यह समारोह देशभक्ति की भावना का प्रतीक बन गया।

यह जश्न भारतीय वायुसेना द्वारा की गई सटीक



कार्रवाई का प्रतीक है, जिसने देश की सुरक्षा को सुनिश्चित किया। कार्यक्रम में शामिल लोगों ने सशस्त्र बलों के प्रति आभार व्यक्त किया और उनके साहस की सराहना की।

जोधपुर जिले की सभी स्कूल-कॉलेजों में स्टूडेंट्स के लिए छुट्टी

## 8 मई से आगामी आदेश तक, सभी परीक्षाएं भी स्थगित, टीचर्स- स्टाफ करेंगे नियमित कार्य

राजस्थान की राजनीति

**जोधपुर।** मौजूदा हालात को देखते हुए जोधपुर कलेक्टर गौरव अग्रवाल ने बुधवार देर रात दो अलग-अलग आदेश जारी कर 8 मई (गुरुवार) से आगामी आदेश तक जोधपुर जिले की सभी सरकारी व गैर सरकारी स्कूल, कॉलेज, आंगनवाड़ी, कोचिंग इंस्टिट्यूट में पढ़ने वाले स्टूडेंट्स के लिए अवकाश घोषित किया है।

आदेश में यह भी स्पष्ट किया गया है




कि सभी शैक्षिक व गैर-शैक्षिक कर्मचारी स्कूल-कॉलेजों व निजी कोचिंग संस्थान में उपस्थित रहकर विभागीय कार्यों का निर्वहन करेंगे। इसके साथ ही 8 मई से आगामी दिनों में होने वाली सभी तरह की परीक्षाएं भी स्थगित कर दी गई है।

कलेक्टर अग्रवाल ने अपने इन आदेश में सभी शिक्षण संस्थानों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि इन आदेशों की पालना सुनिश्चित करें, अन्यथा उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## जयपुर में सहकर्मियों ने किया विवाहिता से गैंगरेप: झूठ बोलकर ले गए साथ, प्रसाद में मिलाकर खिलाया नशा

राजस्थान की राजनीति

**जयपुर।** जयपुर में दो सहकर्मियों के एक विवाहिता से गैंगरेप करने का मामला सामने आया है। झूठ बोलकर दोनों सहकर्मी उसे अपने साथ होटल में ले गया। प्रसाद में नशा मिलाकर खिला बेहोशी की हालत में उसके साथ गैंगरेप किया। मुरलीपुरा थाने में पीड़िता ने दोनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई है। मामले की जांच ACP (झोटवाड़ा) सुरेन्द्र सिंह राणावत कर रहे हैं।

पुलिस ने बताया- विश्वकर्मा की रहने वाली 28 साल की विवाहिता ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। सहकर्मी होने के कारण दोनों आरोपियों से उसकी बातचीत होती रहती है। 17 अप्रैल को जॉब पर जाने पर दोनों आरोपी उसे मिले। काम के बहाने झूठ बोलकर उसे अपने साथ ले गए। रास्ते में रुक कर आरोपियों ने उसे चाय पिलाई।

मंदिर जाकर आना बताकर एक सहकर्मी ने उसे प्रसाद में नशा मिलाकर खिला दिया। रोड नंबर-14 पर स्थित होटल में दोनों आरोपी सहकर्मी उसे ले गए। बेहोशी की हालत में आरोपियों ने उसके साथ गैंगरेप किया। होश आने पर विरोध करने पर उसे धमकाया गया। मुरलीपुरा थाने में पीड़िता ने दोनों आरोपी सहकर्मियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई।

राजस्थान नर्सिंग ऑफिसर यूनियन में नई नियुक्तियां

## प्रदेश महासचिव समेत कई पदों पर हुई नियुक्तियां, प्रिंसिपल से मिले प्रदेशाध्यक्ष



राजस्थान की राजनीति

**जयपुर।** राजस्थान नर्सिंग ऑफिसर यूनियन की एक महत्वपूर्ण बैठक एसएमएस मेडिकल कॉलेज में संपन्न हुई। यूनियन के प्रदेशाध्यक्ष प्रदीप चौधरी की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में कार्यकारिणी का विस्तार किया गया।

सर्वसम्मति से सुनीता गुर्जर और हेमंत चौधरी को प्रदेश महासचिव नियुक्त किया गया। ओमशंकर चौधरी को जयपुर जिलाध्यक्ष और राजेश कुमार सैन को जयपुर जिला उपाध्यक्ष बनाया गया।

प्रदेशाध्यक्ष प्रदीप चौधरी ने एसएमएस मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. दीपक माहेश्वरी से मुलाकात की। उन्होंने माला और साफा पहनाकर प्रिंसिपल का सम्मान किया। प्रिंसिपल ने बजट सत्र 2024-25 में प्लेसमेंट एजेंसी से कार्यरत नर्सिंग ऑफिसर्स को राजकीय संस्था में शामिल करने की घोषणा की है।

यूनियन ने प्री बजट संवाद कार्यक्रम में निविदा नर्सिंग ऑफिसर्स को आरएलएसडीसी बोर्ड में शामिल करने की मांग रखी थी। चिकित्सा मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर ने इस मांग को स्वीकार किया। यूनियन ने इसके लिए मंत्री का आभार व्यक्त किया।

प्रिंसिपल ने प्लेसमेंट एजेंसी से कार्यरत कर्मचारियों की सूची राजकीय संस्था में भेजने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि सभी कर्मचारियों की सेवाएं निरंतर जारी रहेंगी। बैठक में देवेंद्र फौजदार, सुरेंद्र, रवि कुमार गुप्ता, दिनेश चौधरी समेत कई अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## हाई कोर्ट ने कहा: डीजीपी बताएं- प्रदेश में ई-सिगरेट की बिक्री रोकने के लिए क्या प्रभावी मैकेनिज्म बनाया है

राजस्थान की राजनीति



**जयपुर।** हाईकोर्ट ने प्रदेश में ई-सिगरेट की बिक्री को गंभीरता से लेते हुए डीजीपी को 7 जुलाई को शपथ पत्र पेश कर यह बताने के लिए कहा है कि ई-सिगरेट की बिक्री को रोकने के लिए क्या प्रभावी मैकेनिज्म बनाया गया है। हाईकोर्ट ने कहा कि ई-सिगरेट की ऑनलाइन बिक्री पर प्रभावी तरीके से नियंत्रण लगाया जाना चाहिए। वहीं यह भी सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि युवाओं के स्वास्थ्य को प्रभावित करने वाली ई-सिगरेट की ऑनलाइन बिक्री नहीं हो। सीजे एमएम श्रीवास्तव व जस्टिस मुकेश राजपुरोहित की खंडपीठ ने यह आदेश प्रियांशा गुप्ता की पीआईएल पर दिया। अदालत ने पुलिस मुख्यालय के प्रभारी अधिकारी को आगामी सुनवाई पर व्यक्तिगत या वीसी के जरिए पेश होने के लिए भी कहा है। हाईकोर्ट ने इस मामले में पुलिस के रवैये पर असंतुष्ट होते हुए कहा कि पिछली सुनवाई पर पुलिस मुख्यालय के केस से जुड़े प्रभारी अधिकारी का शपथ पत्र मांगा था, लेकिन उनकी जगह पुलिस कमिश्नरेट के एक अधिकारी का हलफनामा आया है। अदालत के निर्देशानुसार यह सही नहीं है, परिणाम गंभीर हो सकते हैं। डीजीपी को भी व्यक्तिगत तौर पर बुला सकते हैं। मामले में राज्य सरकार के जवाब से स्पष्ट है कि ई-सिगरेट को लेकर आठ वेबसाइट ब्लॉक की हैं, चार साइटों को अन ब्लॉक किया है। इसलिए ई-सिगरेट की ऑनलाइन बिक्री पर प्रभावी और सख्ती होनी चाहिए।

## रीट-2024 का रिजल्ट आज: 13.77 लाख अभ्यर्थियों का इंतजार होगा खत्म, 27 और 28 फरवरी को हुआ था एग्जाम

राजस्थान की राजनीति

**अजमेर।** राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड आज (गुरुवार) राजस्थान अध्यापक पात्रता परीक्षा 2024 का रिजल्ट घोषित करेगा। 27 और 28 फरवरी को तीन पारियों में एग्जाम हुआ था। इसमें कुल 13 लाख 77 हजार 256 कैंडिडेट्स शामिल हुए थे। बोर्ड सचिव कैलाश चंद्र शर्मा के अनुसार-आज दोपहर 3ः15 बजे रिजल्ट की घोषणा कर दी जाएगी। एग्जाम में लेवल-वन के 4 लाख 6 हजार 953 और लेवल-2 के 9 लाख 70 हजार 303 कैंडिडेट्स बैठे थे। परीक्षा के लिए कुल 15 लाख 44 हजार 518 आवेदन आए थे।

### एक महीने पहले जारी की थी आंसर-की

राज्य के 41 जिलों में कुल 1731 परीक्षा केंद्र पर REET हुई थी। बोर्ड ने एक महीने पहले रीट-2024 की आंसर-की जारी की थी। बोर्ड सचिव कैलाश चंद्र शर्मा ने बताया कि 19 मार्च की रात को ही पेपर वेबसाइट पर अपलोड कर दिए गए थे। अभ्यर्थियों को 31 मार्च तक आंसर-की पर आपत्तियां दर्ज कराने का मौका दिया गया था।

एक नजर

विधानसभा अध्यक्ष की कथावाचक पं. मिश्रा से भेंट

# सनातन और आध्यात्म पर हुई विस्तृत चर्चा : देवनानी



## देवनानी ने पं. मिश्रा का किया सम्मान और लिया आशीर्वाद

राजस्थान की राजनीति

**जयपुर।** विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कथा वाचक प्रदीप मिश्रा से भेंट की। देवनानी ने पं. मिश्रा का दुपट्टा पहनाकर अभिनन्दन किया। पं. मिश्रा ने भी देवनानी को माला पहनाकर आशीर्वाद दिया। पं. मिश्रा ने देवनानी को सिहोर आने का निमन्त्रण दिया। देवनानी ने पं. मिश्रा के साथ सनातन और आध्यात्म के विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत चर्चा की। देवनानी ने कहा कि पं. मिश्रा आध्यात्मिकता का संचार अद्भुत और रोचक तरीके से प्रस्तुत करते है। उनके विचारों में सनातन का संदेश है। देवनानी ने कहा कि लोगों में श्रद्धा का अपार भाव है। सनातन संस्कृति के विभिन्न पहलुओं पर पं. मिश्रा के श्रीमुख से संवाद का लोगों पर व्यापक प्रभाव आता है। वे देश में शिव महापुराण का वाचन कर लोगों को प्रेरणा दे रहे हैं। लोग उनके प्रवचन सुनते हैं और सही रास्ते पर चलने का प्रयास कर रहे हैं, जो लोगों को राष्ट्र की प्रगति में सक्रिय भागीदारी निभाने का सुखद संकेत है।

# प्रशिक्षु आईएएस अधिकारियों ने मुख्य सचिव से की मुलाकात



राजस्थान की राजनीति

**जयपुर।** मुख्य सचिव सुधांश पंत ने प्रशिक्षु अधिकारियों से कहा कि भारतीय प्रशासनिक सेवा आपको राष्ट्र की सेवा करने का अवसर देती है। प्रशासनिक अधिकारियों को मेहनत, सकारात्मक दृष्टिकोण, संवेदनशीलता एवं पूर्ण ईमानदारी के साथ कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि आमजन की मदद करना आपकी प्राथमिकता होनी चाहिए।

भारतीय प्रशासनिक सेवा-2024 बैच के 14 प्रशिक्षु अधिकारियों ने बुधवार को शासन सचिवालय में मुख्य सचिव सुधांश पंत से मुलाकात की। पंत ने प्रशिक्षु अधिकारियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी। संवाद के दौरान उन्होंने प्रशिक्षु अधिकारियों के साथ अपनी ट्रेनिंग से जुड़े अनुभव भी साझा किए।

मुख्य सचिव ने कहा कि प्रशासनिक अधिकारियों को निरंतर सीखने की जिज्ञासा बनाए रखनी चाहिए। जनसाधारण के जीवन को अधिक सहज और समृद्ध बनाने के लिए उन्हें निरंतर नई संभावनाओं और नवाचारों के लिए तत्पर रहना चाहिए। पंत ने कहा कि प्रशिक्षण के दौरान अपनी अवलोकन क्षमता से प्रशासनिक दक्षता प्राप्त करें, अभी आप जो सीखते हैं वह जीवन भर आपके काम आता है। उन्होंने आमजन की सेवा के लिए लोगों से अधिक से अधिक जुड़ने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि ईश्वर ने आपको प्रदेश के विकास में योगदान देने का एक महत्वपूर्ण अवसर प्रदान किया है। इसे ईमानदारी और प्रतिबद्धता से सिद्ध करें।

इस अवसर पर अतिरिक्त महानिदेशक, एच.सी.एम. रीपा, शैली किशनानी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## विकसित राजस्थान-2047 विजन डॉक्यूमेंट पर आमजन के सुझाव आमंत्रित

**जयपुर।** राज्य को पूर्ण विकसित प्रदेश बनाने के उद्देश्य से आर्थिक समृद्धि, सतत विकास तथा समावेशी विकास के केंद्र के रूप में परिवर्तित करने हेतु 'विकसित भारत-2047' की राष्ट्रीय आकांक्षाओं के अनुरूप 'विकसित राजस्थान-2047' विजन डॉक्यूमेंट को एक रोडमैप के रूप में तैयार किया जा रहा है। इस विजन डॉक्यूमेंट के माध्यम से राज्य सरकार सशक्त, आत्मनिर्भर और विकसित राजस्थान के निर्माण हेतु प्रतिबद्ध हैं।

# राजस्थान में जयपुर-कोटा समेत कई शहरों में मॉक ड्रिल

## गैस प्लांट-मॉल पर एयर स्ट्राइक के बाद किया रेस्क्यू का अभ्यास

राजस्थान की राजनीति

**जयपुर।** केंद्रीय गृह मंत्रालय के निर्देश के बाद राजस्थान में जयपुर, अजमेर, कोटा, सीकर, अलवर समेत कई शहरों में मॉक ड्रिल की गई। जयपुर में एमआई रोड स्थित बीएसएनएल ऑफिस में एयर स्ट्राइक की मॉक ड्रिल की गई। हवाई हमले की चेतावनी वाला सायरन बजाया गया। आम नागरिकों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने का अभ्यास किया गया।

पाकिस्तान से सटे बाड़मेर में एयर स्ट्राइक की मॉक ड्रिल कर बाजार बंद किए गए। पुलिस ने लोगों से सहयोग करने की अपील की। जैसलमेर में भी सोनार किले के पास होटल पर हवाई हमले की मॉक ड्रिल की गई। इस दौरान सायरन बजाकर लोगों को आगाह किया गया।

उदयपुर में भारत पेट्रोलियम के गैस प्लांट पर एयर स्ट्राइक की मॉक ड्रिल की गई। इस दौरान पुलिस और प्रशासन के आला अधिकारियों के साथ फायर ब्रिगेड और सिविल डिफेंस की टीम भी मौके पर पहुंची। अलवर में डी-मार्ट पर एयर स्ट्राइक की मॉक ड्रिल की गई। इस दौरान फायर ब्रिगेड की गाड़ियां हमले की सूचना के महज चंद सेकेंड में ही पहुंच गई।


















सीकर में बायो स्कोप मॉल में मॉक ड्रिल की गई। सूचना मिली कि यहां जेट के जरिए बम गिराए गए हैं। इस पर पुलिस की गाड़ियां, एंबुलेंस और दमकलें पहुंची और रेस्क्यू शुरू किया। कोटा में 4 बजते ही मॉक ड्रिल शुरू हुई। फायर ब्रिगेड सायरन बजाते हुए निकली।

जयपुर जंक्शन समेत उत्तर-पश्चिम रेलवे के सभी स्टेशनों पर सुरक्षा बढ़ा दी गई । उत्तर-पश्चिम रेलवे के समस्त स्टेशनों पर ब्लैकआउट के समय ट्रेनें भी रोकी गई।

# जयपुर में 15 मिनट का ब्लैकआउट में पूरे शहर में पसरा रहा अंधेरा,रेलवे स्टेशन, बस स्टेंड पर लाइट्स भी रही बंद

राजस्थान की राजनीति

**जयपुर।** भारत की पाकिस्तान पर एयर स्ट्राइक के बाद राजस्थान के सभी बॉर्डर इलाकों में हाई अलर्ट है। इसका असर जयपुर में भी देखने को मिला है।

जयपुर में भी 4 फ्लाइट्स को कैंसिल कर दिया गया है।

इस बीच शहर में मॉक ड्रिल के बाद रात साढ़े 8 बजे ब्लैकआउट ड्रिल की गई। शहर के छोटी- बड़ी चौपड़ समेत मालवीय नगर, मानसरोवर सहित सभी हिस्सों में निर्धारित रात साढ़े 8 बजे से 8:45 बजे तक ब्लैकआउट का अभ्यास किया गया।



इस दौरान 15 मिनट तक पूरा शहर अंधेरे में रहा और सभी ने ब्लैकआउट का समर्थन किया।

जयपुर जंक्शन रेलवे स्टेशन सहित सभी स्टेशन पर इमरजेंसी लाइट्स को छोड़कर ब्लैकआउट का अभ्यास किया गया। बस स्टेंड पर भी यहीं स्थिति रही।

हालांकि इस दौरान जयपुर वासियों ने भारत माता की जय के जयकारें लगाकर भारतीय सेना की पाकिस्तान पर ऑपरेशन सिंदूर के तहत की गई एयर स्ट्राइक को सही फैसला बताया।

# देश की सुरक्षा की दृष्टि से 50 सामरिक बुनियादी ढांचा परियोजनाएं महत्वपूर्ण : राज्यपाल बागडे

## सीमा सड़क संगठन द्वारा सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण देश की 1 हजार 900 करोड़ रुपए निवेश की 50 बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का ऑनलाइन लोकार्पण

राजस्थान की राजनीति


**जयपुर।** देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को सीमा सड़क संगठन के 66 वें स्थापना दिवस पर सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण देश की 50 महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को ऑनलाइन देश को समर्पित किया। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे भी इस दौरान राजभवन से ऑनलाइन उपस्थित हुए। इन परियोजनाओं में सीमा पाए सड़क की दो परियोजनाएं राजस्थान की भी सम्मिलित है।

राज्यपाल बागडे ने सीमा सड़क संगठन के स्थापना दिवस की बधाई देते हुए संगठन द्वारा लगभग 1 हजार 900 करोड़ रुपए निवेश की देश की सुरक्षा की दृष्टि से विशिष्ट इन परियोजनाओं को राष्ट्र के लिए महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि सीमा पर सड़कों, पुलों और अन्य बुनियादी ढांचों के निर्माण से राष्ट्र की सीमाओं को और सशक्त, सुरक्षित रखा जा सकेगा।

राज्यपाल बागडे ने कठिन कार्यदशाओं के बावजूद सीमा सड़क संगठन द्वारा अपनी क्षमताओं को निरंतर मजबूत करने की भी विशेष रूप से सराहना की। राज्यपाल के सचिव डा. पृथ्वी भी इस दौरान उपस्थित रहे।

## ऑपरेशन सिंदूर की सराहना, राष्ट्र की सेना के शौर्य को नमन

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत की गई कार्यवाही के अंतर्गत भारत की सेना के शौर्य को भी नमन किया। उन्होंने कहा कि आतंकियों के हौसले को पस्त करने के लिए राष्ट्र की सेना ने नागरिकों के ठिकानों को प्रभावित किए बगैर सटीक, सतर्क और संयमित कार्यवाही की है।






पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक सार्थक कदम

# प्रथम चरण में एक हजार ग्राम पंचायतों में खुलेंगे बर्तन बैंक

राजस्थान की राजनीति

**जयपुर।** प्लास्टिक के उपयोग को कम करने, पारंपरिक आयोजनों के लिए किफायती विकल्प प्रदान करने और समाज में एकजुटता को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार 'बर्तन बैंक योजना' के रूप में एक अभिनव पहल कर रही है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशानुरूप यह योजना न केवल प्रदेश बल्कि पूरे देश में एक सकारात्मक मॉडल के रूप में कार्य कर सकती है जो पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक समरसता की दिशा में एक नया मार्ग प्रशस्त करेगी।

राज्य सरकार की वर्ष 2025-26 की बजट घोषणा के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में प्लास्टिक के उपयोग से हो रहे पर्यावरण दुष्प्रभाव को देखते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में बर्तन बैंक खोलने घोषणा की गई थी, जिसकी अनुपालना में ग्राम पंचायतों पर स्टील के बर्तन उपलब्ध करवाते हुए बर्तन बैंक बनाया जाएगा। प्रथम चरण में एक हजार ग्राम पंचायतों को एक-एक लाख रुपये के स्टील के बर्तन उपलब्ध कराये जाएंगे। चरणबद्ध तरीके से प्रदेश की अन्य ग्राम पंचायतों में भी बर्तन बैंक प्रारंभ किए जाएंगे।

## प्रदेश का पहला स्टील बर्तन बैंक प्रारंभ

कोटा जिले के रामगंजमंडी विधानसभा क्षेत्र की खैराबाद पंचायत समिति में प्रदेश का पहला स्टील बर्तन बैंक विधिवत रूप से प्रारंभ किया गया है। खैराबाद पंचायत समिति द्वारा इस बर्तन बैंक का संचालन किया जाएगा। प्रारंभ में इस बर्तन बैंक में 900 सेट स्टील बर्तन रखे गए हैं। बाद में आवश्यकता अनुसार इनकी संख्या में वृद्धि की जाएगी।

बर्तन बैंक में विभिन्न प्रकार के स्टील के बर्तन जैसे प्लेट, चम्मच, गिलास, कटोरी आदि के सेट उपलब्ध कराये जाएंगे, जिन्हें ग्राम पंचायत/गांव स्तर पर बैंक के रूप में रखा जाएगा। प्रत्येक ग्राम पंचायत हेतु बर्तन के न्यूनतम 400 सेट उपलब्ध होंगे। प्रत्येक सेट में एक प्लेट, 3 कटोरी, एक चम्मच एवं एक गिलास सहित कुल 6 बर्तन होंगे, जिस पर संबंधित ग्राम पंचायत की मार्किंग की जाएगी। बर्तन बैंक में बर्तनों को व्यवस्थित तरीके से रखने एवं प्रदर्शित करने के लिए एक रैक की व्यवस्था भी होगी। बर्तन बैंक के संचालन हेतु आवश्यक श्रमिक/ मानवीय सेवाएं राजीविका के स्वयं सहायता समूह द्वारा उपलब्ध करवाई जाएगी।

बर्तन बैंक स्थापित करने के लिए ग्राम पंचायत एवं स्वयं सहायता समूह का चयन 'पहले आओ पहले पाओं' की तर्ज पर मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा किया जाएगा, जिसमें अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद, अधिषाषी अभियंता, जिला परिषद और जिला परियोजना समन्वयक, राजीविका सदस्य होंगे।

बर्तन बैंक की स्थापना के बाद नियमित संचालन का पर्यवेक्षण ग्राम पंचायत द्वारा किया जाएगा, जिसकी समीक्षा समय-समय पर स्वच्छ भारत मिषन (ग्रामीण), राजीविका तथा जिला/ब्लॉक स्तर के अधिकारियों द्वारा की जाएगी। राज्य सरकार की यह योजना न केवल प्लास्टिक के उपयोग को कम करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

मुख्यमंत्री ने ली उच्चस्तरीय बैठक

# बुनियादी सुविधाएं और सेवाएं रहें सुचारु : मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा



## सजगता के साथ हो सीमावर्ती क्षेत्रों की निगरानी साम्प्रदायिक सद्भाव बिगाड़ने वालों पर करें कड़ी कार्रवाई

राजस्थान की राजनीति

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भारत द्वारा पाकिस्तान स्थित आतंकी ठिकानों पर की गई एयर स्ट्राइक के मद्देनजर प्रदेशभर में सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने पूरी सतर्कता से सीमावर्ती क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखने के साथ-साथ पुलिस एवं प्रशासन के अधिकारियों को केन्द्रीय गृह मंत्रालय और केन्द्रीय एजेन्सियों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए सुरक्षा की दृष्टि से सभी आवश्यक कदम उठाने के लिए निर्देशित किया। शर्मा बुधवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में पुलिस विभाग के उच्च अधिकारियों की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राजस्थान पाकिस्तान का सीमावर्ती राज्य है, इसलिए उच्चतम मानकों की अनुपालना करते हुए प्रदेश की सुरक्षा व्यवस्था दुरूस्त होनी चाहिए। शर्मा ने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों के दृष्टिगत राष्ट्र विरोधी शक्तियां प्रदेश में साम्प्रदायिक सद्भाव बिगाड़ने का प्रयास कर सकती हैं। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को सोशल मीडिया पर प्रभावी निगरानी के साथ अफवाह फैलाने वालों के विरूद्ध त्वरित कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया।

मुख्यमंत्री ने समस्त जिलों की आन्तरिक सुरक्षा योजना और आपदा प्रबंधन की समीक्षा करते हुए कहा कि चिकित्सालयों में पर्याप्त दवा,ऑक्सीजन और एम्बुलेंस की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। साथ ही, चिकित्सकों सहित आवश्यक मानव संसाधन एवं उपकरण भी उपलब्ध रहें। श्री शर्मा ने पानी, बिजली एवं आवश्यक बुनियादी संसाधनों की उपलब्धता और इससे संबंधित सेवाओं को सुचारू रखने के लिए भी अधिकारियों को निर्देशित किया। साथ ही, उन्होंने बुधवार को हो रही मॉक ड्रिल और ब्लैक आउट की भी विस्तृत समीक्षा की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण स्थानों पर प्रभावी सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने पुलिस कार्मिकों की छुट्टियां निरस्त करने और उन्हें मुख्यालय पर उपस्थित रहने के लिए पाबंद के संबंध में भी निर्देश दिए। शर्मा ने कहा कि एडीजी रेंज प्रभारी और प्रभारी सचिव उनके प्रभार क्षेत्र के जिलों के अधिकारियों से निरन्तर सम्पर्क में रहते हुए उक्त सभी निर्देशों की पालना सुनिश्चित कराएं।

## मुख्यमंत्री ने भारतीय वायु सेना को एयर स्ट्राइक के लिए दी बधाई

मुख्यमंत्री शर्मा ने भारतीय सेना को पाकिस्तान स्थित आंतकी ठिकानों पर प्रभावी एवं सटीक एयर स्ट्राइक करने के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि कायराना पहलगाम हमले का करारा जवाब देते हुए भारतीय एयर फोर्स ने अदम्य साहस के साथ ऑपरेशन सिंदूर को अंजाम दिया और 9 आतंकी ठिकानों को तबाह कर दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में नया भारत आंतकियों और उनके आकाओं को अंजाम तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। बैठक में मुख्य सचिव सुधांश पंत, पुलिस महानिदेशक यू. आर. साहू सहित सम्बन्धित पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।

## एवियन बोटुलिज्म की तैयारी और प्रतिक्रिया पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित

**जयपुर।** सांभर लेक मैनेजमेंट एजेंसी और पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग राजस्थान सरकार द्वारा वाइल्ड लाइफ ट्रस्ट ऑफ इंडिया के सौजन्य से एवियन बोटुलिज़्म की तैयारी और प्रतिक्रिया पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता प्रधान मुख्य वन संरक्षक, प्रशासन एवं समन्वय पवन कुमार उपाध्याय ने की। कार्यशाला की शुरुआत करते हुए मुख्य कार्यकारी अधिकारी सांभर लेक मैनेजमेंट एजेंसी एवं विशिष्ठ शासन सचिव पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग बीजो जोय द्वारा सभी आगंतुकों का स्वागत किया गया और सांभर झील क्षेत्र का एक विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया।

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक एवं संपादक रमाकांत गोस्वामी द्वारा महारानी प्रिन्टर्स, 17 मां वैष्णो देवी नगर, कालवाड़ रोड़ जयपुर छपवाकर/मुद्रित कर, पीपलेश्वर मंदिर के पीछे, नला मौहल्ला,दौसा (राजस्थान)-303303 से प्रकाशित किया। संपादक: रमाकान्त गोस्वामी, कार्यकारी संपादक भूपेंद्र कुमार शर्मा, स्थानीय संपादक: संजय लाटा (अवैतनिक) आरएनआई नं. RAJHIN/2012/43137, ब्रांच ऑफिस: 18k3, पंकज सिंघवी मार्ग, ज्योति नगर, जयपुर-302002, मो. नं. 7610866001, हैल्प लाईन नं.: 8946840063, ईमेल- tniawaz.news@gmail.com, Group of Sites- www.hpnews.in, www.right2action.in, www.jaipurtak.com, www.dharmjagran.com, www.hindustanpatrika.com, www.freedomathought.com, www.tniawaaz.in (* इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तदायी), किसी भी वाद-विवाद से निपटने के लिए न्यायालय जयपुर मान्य होगा।